मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक
# उत्तरशक्ति
हर खबर निष्पक्षता के साथ
मुंबई
वर्ष: 7 अंक 250
रविवार, 30 मार्च 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in


# सुकमा में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 16 नक्सली मारे गये, दो जवान घायल



**सुकमा, 29 मार्च।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड में 16 नक्सली मारे गये और दो जवान घायल हो गये हैं।

पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह मुठभेड़ सुकमा जिले के केरलापाल थाना क्षेत्र में हो रही है। उन्होंने बताया कि केरलापाल थाना क्षेत्र में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर शुक्रवार को सुकमा जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि आज सुबह से सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच रूक-रूक कर मुठभेड़ हो रही है। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ स्थल और आस-पास के क्षेत्रों में सुरक्षाबलों का खोजी अभियान जारी है।

अधिकारियों के अनुसार, सुकमा पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत केरलपाल इलाके में नक्सलियों की मौजूदगी के बारे में विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर ऑपरेशन शुरू किया गया था। संयुक्त टीम 28 मार्च को तलाशी अभियान के लिए निकली थी और आज (29 मार्च) सुबह से ही रुक-रुक कर गोलीबारी जारी है।

सुरक्षा बल फिलहाल मुठभेड़ स्थल और आसपास के जंगली इलाकों की गहन तलाशी कर रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि चल रहे ऑपरेशन के पूरा होने के बाद विस्तृत बयान जारी किया जाएगा। सुकमा छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में सबसे बुरी तरह प्रभावित जिलों में से एक है, जिसने पहले भी कई नक्सली हमले देखे हैं। इससे पहले शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में नक्सलियों द्वारा लगाए गए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (क्ऌऊ) के फटने से एक जवान घायल हो गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# भाजपा को गांधी और उनके नाम पर मनरेगा पसंद नहीं है : स्टालिन



**तमिलनाडु, 29 मार्च।** तमिलनाडु में शनिवार को द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के सैकड़ों कार्यकताओं के बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन करने के बीच मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने केंद्र की भाजपा सरकार पर मनरेगा मजदूरों की दुर्दशा को लेकर बेपरवाह होने का आरोप लगाया।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के श्रमिकों को दिया जाने वाला वेतन जारी न करने के लिए भाजपा सरकार की आलोचना करते हुए स्टालिन ने कहा कि उन्हें (भाजपा) महात्मा गांधी और उनके (महात्मा गांधी के) नाम पर 100 दिन के काम की गारंटी देने वाली योजना पसंद नहीं है।

स्टालिन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में पूछा, निर्दयी भाजपा ने संयुक्त प्रगतिशील गठबन्धन (संप्रग) की सरकार द्वारा भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ और जीवनदायिनी के रूप में विकसित मनरेगा को नष्ट करने का लक्ष्य रखा है। जब एक हस्ताक्षर से कॉरपोरेट्स के लिए लाखों करोड़ रुपये माफ कर दिए जाते हैं, तो चिलचिलाती धूप में पसीना बहाने वाले गरीबों को वेतन के रूप में कोई पैसा क्यों नहीं दिया जाता? गरीबों लिए पैसा नहीं है या फिर गरीबों के लिए उनके दिल में कोई जगह नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि तमिलनाडु में आज के विरोध प्रदर्शन के माध्यम से द्रमुक सदस्यों और गरीब लोगों की आवाज नयी दिल्ली तक पहुंचनी चाहिए। भाजपा सरकार से मनरेगा मजदूरों के लिए बकाया 4,034 करोड़ रुपये तुरंत जारी करने की मांग करते हुए द्रमुक कार्यकताओं ने कई स्थानों पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी हिस्सा लिया।

# संसद में महत्वपूर्ण मुद्दों पर सार्थक चर्चा को अवरुद्ध कर रही सरकार : प्रियंका गांधी



**नई दिल्ली, 29 मार्च।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने शनिवार को केंद्र सरकार पर संसद में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करने और सार्थक चर्चा को अवरुद्ध करने का आरोप लगाया।

कांग्रेस सांसद ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार का दृष्टिकोण किसी भी संभव तरीके से महत्वपूर्ण मुद्दों पर सार्थक चर्चा से बचना है, तथा इसके लिए वह विभिन्न हथकंडे अपनाती है।

विपक्षी आवाजों को कथित तौर पर दबाने से जुड़े सवालों पर प्रियंका ने आरोप लगाया कि सरकार ने संसद में चर्चा को अवरुद्ध कर दिया है। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, मैंने संसद के पिछले कुछ सत्रों में देखा है कि सरकार की नीति किसी भी तरह से चर्चा से बचना है - चाहे वह किसी ऐसी बात को उठाना हो जिसके बारे में उन्हें लगता है कि विपक्ष विरोध करने वाला है, या फिर विपक्ष के नेता को बोलने की अनुमति न देना हो।

कांग्रेस सांसद ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार संसद में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से चलने से रोक रही है और सांसदों के लिए यह देखना बहुत दुखद है। कांग्रेस नेता ने दावा करते हुए कहा, विपक्ष पर अक्सर संसद में हंगामा करने और उसकी कार्यवाही को बाधित करने का आरोप लगाया जाता है, लेकिन यह प्रक्रिया हम इस सरकार के तहत देख रहे हैं...सरकार स्वयं संसद में हंगामा कर इसकी कार्यवाही को बाधित कर रही है, जो शायद सभी के लिए देखने वाली बहुत नयी बात है। इससे पहले दिन में प्रियंका गांधी यहां कलपेट्टा स्थित कलेक्ट्रेट में जिला स्तरीय समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में शामिल हुईं।

# भाजपा का मिशन बिहार, दिल्ली में जेपी नड्डा ने भरी हुंकार



**नई दिल्ली, 29 मार्च।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने दिल्ली में आयोजित एक भारत श्रेष्ठ भारत स्नेह मिलन कार्यक्रम को संबोधित किया। यह कार्यक्रम पूर्वांचल मोर्चा की ओर से बिहार दिवस पर आयोजित किया गया था। इस दौरान जेपी नड्डा ने साफ तौर पर कहा कि दिल्ली में अमावस्या का समय था। अंधेरे का माहौल था जिससे दिल्ली विकास नहीं, विनाश के रास्ते की ओर बढ़ रहा था। लेकिन दिल्ली वालों ने भाजपा के नेतृत्व को मौका दिया और अब यह नई दिशा और उज्जवल भविष्य की ओर बढ़ने लगा है। उन्होंने भाजपा कार्यकताओं से अपील भी की दिल्ली हम जीत गए हैं, अब बिहार चुनाव की बारी है।

नड्डा ने कहा कि जहाँ पूर्वांचल चल पड़ता है वहां देश आगे बढ़ता है। इतिहास इस बात का गवाह है कि चाणक्य की भूमि बिहार रही है तो महात्मा गांधी और लोकनायक का आंदोलन भी बिहार की भूमि से ही शुरू हुआ है। विश्व को प्रजातंत्र की सीख भी बिहार की भूमि से मिली है। उन्होंने कहा कि दुनिया के किसी भी कोने में जायें...हमें मैथिली, मगही या भोजपुरी बोलने वाले मिल जाएंगे। ईमानदारी से अपने काम को करने की ताकत इसी बिहार की धरती के लोगों में हैं।

राजद पर वार करते हुए उन्होंने कहा कि बढ़ते हुए बिहार को लालू राज ने डूबता हुआ बिहार बना दिया था। एक समय ऐसा आया था कि शाम 5 बजे के बाद लोगों का बाहर निकलना तक मुश्किल हो गया था। उन्होंने कहा कि अपने बचपन के दौरान मैंने गंगा किनारे गांधी सागर सेतु को बनते हुए देखा है, निर्माण कार्य कई दशकों तक चलता रहा। आज बिहार में गंगा किनारे मरीन ड्राइव बन चुका है। सड़क और रेल के बड़े ब्रिज बन चुके हैं।

उन्होंने दावा किया कि वर्ष-2005 में बिहार में ग्रामीण सड़क केवल 384 किमी थी, वहीं आज 1 लाख 12 हजार कि.मी. सड़क बन चुकी है। बिहार में एक्सप्रेस-वे बन चुके हैं। आईआईटी पटना की सौगात मोदी जी ने बिहार को दी है। लालू जी से लोग सड़क बनाने की बात करते थे तो कहते थे कि सड़क बन जाएगी तो पुलिस आजाएगी, ये बेवकूफी ठीक नहीं। उन्होंने कहा कि कभी आपने सोचा था कि पूर्णिया, सारण, सीतामढ़ी, झंझारपुर, सीवान, बक्सर, जमुई जैसे शहरों में मेडिकल कॉलेज खुलेंगे। मोदी जी के नेतृत्व में पटना में एशिया का सबसे बड़ा अस्पताल बनने वाला है।

वहीं, एक्स पोस्ट में नड्डा ने लिखा कि आज नई दिल्ली में 'बिहार दिवस-2025 के अंतर्गत आयोजित 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत, स्नेह मिलन कार्यक्रम' में सहभागिता कर पूर्वांचल के हमारे भाई-बहनों को संबोधित किया। भारत के गौरवशाली तथा वैभवशाली प्राचीन इतिहास, संस्कृति और सभ्यता को विश्व से परिचित कराने में बिहार की भूमि का योगदान अतुलनीय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में आज बिहार हर क्षेत्र में सशक्त, समृद्ध और सामर्थ्यवान हो रहा है।

# एटीएम से पैसे निकालना हुआ महंगा, खड़गे बोले- मोदी सरकार ने बैंकों को कलेक्शन एजेंट बना दिया



**नई दिल्ली, 29 मार्च।** कांग्रेस ने शनिवार को आरबीआई द्वारा बैंकों को एटीएम से नकदी निकासी पर शुल्क बढ़ाने की अनुमति देने के फैसले के बाद मोदी सरकार पर निशाना साधा और कहा कि बैंक नागरिकों को लूटने वाले संग्रह एजेंट बनकर रह गए हैं। बैंकों द्वारा लगाए गए शुल्कों की सूची देते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि दर्दनाक मूल्य वृद्धि और बेलगाम लूट भाजपा का मंत्र है। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा कि एटीएम से पैसे निकालने का शुल्क महंगा होगा। मोदी सरकार ने 2018 से 2024 के बीच बचत खातों और जनधन खातों से न्यूनतम शेष राशि न रखने के कारण कम से कम ?43,500 करोड़ निकाले हैं।

खड़गे ने आगे लिखा कि नागरिकों को लूटने के लिए अन्य बैंक शुल्क - निष्क्रियता शुल्क, जो हर साल 100-200 है। बैंक स्टेटमेंट जारी करने का शुल्क 50-100 है। एसएमएस अलर्ट के लिए प्रति तिमाही 20-25 का शुल्क लिया जाता है। बैंक ऋण प्रसंस्करण शुल्क के रूप में 1-3% चार्ज करते हैं। यदि ऋण का भुगतान समय पर किया जाता है, तो ऋण पूर्व-समापन शुल्क लगाया जाता है। NEFT, डिमांड ड्राफ्ट शुल्क अतिरिक्त बोझ हैं। हस्ताक्षर परिवर्तन जैसे KYC अपडेट पर भी शुल्क लगता है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि पहले केंद्र सरकार संसद में इन शुल्कों से एकत्रित राशि का डेटा उपलब्ध कराती थी, लेकिन अब यह प्रथा भी यह कहकर बंद कर दी गई है कि आरबीआई ऐसे डेटा नहीं रखता। दर्दनाक महंगाई + बेलगाम लूट = भाजपा का जबरन वसूली का मंत्र! आपको बता दें कि बैंक ग्राहकों को एटीएम से निःशुल्क निकासी की मासिक सीमा खत्म होने के बाद पैसे निकालने पर एक मई से प्रति लेन-देन 23 रुपये देने होंगे। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को बैंकों को एटीएम से पैसा निकालने पर वसूले जाने वाले शुल्क को दो रुपये बढ़ाकर 23 रुपये प्रति लेनदेन करने की मंजूरी दे दी।

# युवाओं की प्रतिभा को निखारने के लिए राजस्थान सरकार प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री शर्मा



**जयपुर, 29 मार्च।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार हर खिलाड़ी को पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराने और उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इसके लिए सरकार ने वर्ष 2024-25 में 1614 खिलाड़ियों को 34 करोड़ रुपये की सहायता स्वीकृत की है।

शर्मा ने राजस्थान दिवस समारोह के तहत रन फॉर फिट राजस्थान दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और स्वयं भी दौड़ में शामिल होकर प्रदेशवासियों को स्वस्थ रहने का संदेश दिया।

उन्होंने इस अवसर पर कहा कि फिटनेस केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि हमारे जीवन की प्राथमिकता होनी चाहिए।










# वृद्धों के लिये उजाला बना सुप्रीम कोर्ट का फैसला



-ललित गर्ग

देश ही नहीं, दुनिया में वृद्धों के साथ उपेक्षा, दुर्व्यवहार, प्रताड़ना, हिंसा तो बढ़ती ही जा रही है, लेकिन अब बुजुर्ग माता-पिता से प्रॉपर्टी अपने नाम कराने या फिर उनसे गिफ्ट हासिल करने के बाद उन्हें यूं ही छोड़ देने, वृद्धाश्रम के हवाले कर देने, उनके जीवनयापन में सहयोगी न बनने की बढ़ती सोच आधुनिक समाज का एक विकृत चेहरा है। संयुक्त परिवारों के विघटन और एकल परिवारों के बढ़ते चलन ने वृद्धों के जीवन को नरक बनाया है। बच्चे अपने माता-पिता के साथ बिल्कुल नहीं रहना चाहते। ऐसे बच्चों के लिए सावधान होने का वक्त आ गया है, सुप्रीम कोर्ट ने इसको लेकर एक ऐतिहासिक फैसला दिया है। अपने इस महत्वपूर्ण फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अगर बच्चे माता-पिता की देखभाल नहीं करते हैं, तो माता-पिता की ओर से बच्चों के नाम पर की गई संपत्ति की गिफ्ट डीड को रद्द किया जा सकता है। यह फैसला माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम के तहत दिया गया है, जिससे वृद्धों की उपेक्षा एवं दुर्व्यवहार के इस गलत प्रवाह को रोकने में सहयोग मिलेगा। क्योंकि सोच के इस गलत प्रवाह ने न केवल वृद्धों का जीवन दुश्वार कर दिया है बल्कि आदमी-आदमी के बीच के भावात्मक फासलों को भी बढ़ा दिया है।

वसुधैव कुटुम्बकम की बात करने वाला देश एवं उसकी नवपीढ़ी आज एक व्यक्ति, एक परिवार यानी एकल परिवार की तरफ बढ़ रहे हैं, वे अपने निकटतम परिजनों एवं माता-पिता को भी बर्दाशत नहीं कर पा रहे हैं, उनके साथ नहीं रह पा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के फैसले को पलटते हुए सराहनीय पहल की है जिसमें कहा गया था कि अगर गिफ्ट डीड में स्पष्ट रूप से शर्तें नहीं हैं, तो माता-पिता की सेवा न करने के आधार पर गिफ्ट डीड को रद्द नहीं किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट ने कानून का सख्त दृष्टिकोण अपनाया, जबकि कानून के वास्तविक उद्देश्य को पूरा करने के लिए उदार दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता थी। यह फैसला एक महिला की उस याचिका पर आया जिसमें उसने अपने बेटे के पक्ष में की गई गिफ्ट डीड को रद्द करने की मांग की थी क्योंकि बेटे ने उसकी देखभाल करने से इनकार कर दिया था। परिवारों में संपत्ति के विवाद तो पता नहीं कब से चले आ रहे हैं, लेकिन आधुनिक समाज में ये विशेष रूप से बढ़ गए हैं। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से समाज में बुजुर्ग लोगों की उपेक्षा, दुर्व्यवहार एवं उनके प्रति बरती जा रही उदासीनता की त्रासदी से उन्हें मुक्ति देकर उन्हें सुरक्षा कवच मानने की सोच को विकसित करने की भूमिका बनेगी ताकि वृद्धों के स्वास्थ्य, निष्कंटक एवं कुंठारहित जीवन को प्रबंधित किया जा सकता है। वृद्धों को बंधन नहीं, आत्म-गौरव के रूप में स्वीकार करने की अपेक्षा है।

संवेदनशून्य समाज में इन दिनों कई ऐसी घटनाएं प्रकाश में आई हैं, जब संपत्ति मोह में वृद्धों की हत्या कर दी गई। ऐसे में स्वार्थ का यह नंगा खेल स्वयं अपनों से होता देखकर वृद्धजनों को किन मानसिक आघातों से गुजरना पड़ता होगा, इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता। वृद्धावस्था मानसिक व्यथा के साथ सिर्फ सहानुभूति की आशा जोहती रह जाती है। वृद्धों को लेकर जो गंभीर समस्याएं आज पैदा हुई हैं, वह अचानक ही नहीं हुई, बल्कि उपभोक्तावादी संस्कृति तथा महानगरीय अधुनातन बोध के तहत बदलते सामाजिक मूल्यों, नई पीढ़ी की सोच में परिवर्तन आने, महंगाई के बढ़ने और व्यक्ति के अपने बच्चों और पत्नी तक सीमित हो जाने की प्रवृत्ति के कारण बड़े-बूढ़ों के लिए अनेक समस्याएं आ खड़ी हुई हैं। वरिष्ठ नागरिकों के हितों की रक्षा की आवश्यकता पर जोर देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसे कई वरिष्ठ नागरिक हैं जिन्हें उनके बच्चे अनदेखा कर देते हैं और संपत्ति हस्तांतरित करने के बाद उन्हें अपने हाल पर छोड़ देते हैं। जस्टिस सीटी रविकुमार और संजय करोल की पीठ ने कहा कि यह अधिनियम एक लाभकारी कानून है जिसका उद्देश्य उन बुजुर्गों की मदद करना है जिन्हें संयुक्त परिवार प्रणाली के कमजोर होने के कारण अकेला छोड़ दिया जाता है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए इसके प्रावधानों की व्याख्या उदारतापूर्वक की जानी चाहिए, न कि संकीर्ण अर्थों में। पहले परिवार से किसी भी मनुष्य की पहचान जुड़ी होती थी, इसलिए लोग परिवार से जुड़े रहते थे। अब उसकी पहचान उसकी कार या कपड़ों के ब्रांड आदि भौतिकतावादी चीजों से होती है। यह भौतिकवाद की मृगतृष्णा इंसान की सामाजिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक पहचान पर हावी हो गई है, बल्कि अब तो संस्कृति और आध्यात्मिकता भी उपभोक्ता वस्तु की तरह बाजार में हैं। एक बड़ी समस्या भारत जैसे देशों में है, जो इस दौड़ में शामिल हो गए हैं, पर इतने समृद्ध नहीं हुए हैं कि इस जीवनशैली को आसानी से अपना सकें। भारत में परिवार के सदस्यों में परस्पर दूरियां लगातार बढ़ रही हैं। भूमि संबंधी विवाद भाई-भाई के बीच होते-होते अब पिता-पुत्र के बीच भी होने लगे हैं और मामला हत्या तक पहुंच जाता है। ताजा मामला भी संपत्ति विवाद का ही है। आज के बेटों को पुश्तैनी संपत्ति का लाभ तो चाहिए, पर पिता-माता के साथ रिश्ते अच्छे रखना उनकी प्राथमिकता नहीं है। ऐसे में, कई माता-पिता भी अपनी संतानों को बेदखल करने के लिए मजबूर हो जाते हैं। यह वक्त है, जब हमें जानना होगा कि अपने लोगों से संबंध और संवाद ही जीवन को सार्थक बनाता है। हमें अपने रिश्तों का दायरा इतना तो जरूर बढ़ाना चाहिए, जिसमें कम से कम अपना निकटतम परिवार पूरी तरह से शामिल हो जाए। नये विश्व की उन्नत एवं आदर्श संरचना बिना वृद्धों की सम्मानजनक स्थिति के संभव नहीं है। वर्किंग बहुओं के ताने, बच्चों को टहलाने-घुमाने की जिम्मेदारी की फिक्र में प्रायः जहां पुरुष वृद्धों की सुबह-शाम खप जाती है, वहीं वृद्ध महिला एक नौकरानी से अधिक हैसियत नहीं रखती। यदि परिवार के वृद्ध कष्टपूर्ण जीवन व्यतीत कर रहे हैं, रुग्णावस्था में बिस्तर पर पड़े कराह रहे हैं, भरण-पोषण को तरस रहे हैं तो यह हमारे लिए वास्तव में लज्जा एवं शर्म का विषय है। इसी सन्दर्भ में सुप्रीम कोर्ट की संवेदनशीलता वर्तमान युग की बड़ी विडम्बना एवं विसंगति पर विराम देने का काम करेंगी। निश्चित ही आज के वृद्ध माता-पिता अपने ही घर की दहलीज पर सहमा-सहमा खड़ा है, वृद्धों की उपेक्षा स्वस्थ एवं सुसंस्कृत परिवार परम्परा पर काला दाग है। हम सुविधावादी एकांगी एवं संकीर्ण सोच की तंग गलियों में भटक रहे हैं तभी वृद्धों की आंखों में भविष्य को लेकर भय है, असुरक्षा और दहशत है, दिल में अन्तहीन दर्द है। इन त्रासद एवं डरावनी स्थितियों से वृद्धों को मुक्ति दिलाने के लिये जहां सुप्रीम कोर्ट का फैसला रोशनी बना है वहीं इसके लिये आज समाज एवं परिवार स्तर पर विचारक्रांति ही नहीं, बल्कि व्यक्तिक्रांति एवं परिवार-क्रांति की जरूरत है। सरकारों को भी सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए बेरोजगारों को या वृद्धजनों को सरकारी आर्थिक सहायता का प्रावधान करना चाहिए। आधुनिक समाज में वृद्ध माता-पिता और उनकी संतान के बीच दूरियां बढ़ना त्रासदी है। भौतिक जिंदगी की भागदौड़ में नई पीढ़ी नए-नए मुकाम ढूंढने में लगी है, उनकी सुविधाओं एवं स्वच्छंदता का शिकार सर्वाधिक वृद्ध हो रहे हैं। आज वृद्धजन अपनों से दूर जिंदगी के अंतिम पड़ाव पर कवीन्द्र-रवीन्द्र की पंक्तियां गुनगुनाने को क्यों विवश है-द्वादीर्घ जीवन एकटा दीर्घ अभिशाप, दीर्घ जीवन एक दीर्घ अभिशाप है। निश्चित ही वृद्ध जीवन अभिशाप बन रहा है, क्योंकि आज वृद्धों को अकेलापन, परिवार के सदस्यों द्वारा उपेक्षा, दुर्व्यवहार, तिरस्कार, कटुक्तियां, घर से निकाले जाने का भय या एक छत की तलाश में इधर-उधर भटकने का गम हरदम सालता रहता। वृद्ध समाज इतना कुंठित एवं उपेक्षित क्यों है, एक अहम प्रश्न है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार अनेक स्वस्थ एवं आदर्श समाज-निर्माण की योजनाओं को आकार देने में जुटी है, उन्हें वृद्धों को लेकर भी चिन्तन करते हुए वृद्ध-कल्याण योजनाओं को लागू करना चाहिए, ताकि वृद्धों की प्रतिभा, कौशल एवं अनुभवों का नये भारत-सशक्त भारत के निर्माण में समुचित उपयोग हो सके एवं आजादी के अमृतकाल को वास्तविक रूप में अमृतमय बना सके।

# हिंदुत्व को बचाने में भगवान झुलेलाल का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है



अशोक भाटिया

## जिनका 30 मार्च को जयंती पर्व है

झूलेलाल सिन्धी हिन्दुओं के उपास्य देव हैं जिन्हें 'इष्ट देव' कहा जाता है। उनके उपासक उन्हें वरुण (जल देवता) का अवतार मानते हैं। वरुण देव को सागर के देवता, सत्य के रक्षक और दिव्य दृष्टि वाले देवता के रूप में सिंधी समाज भी पूजता है। उनका विश्वास है कि जल से सभी सुखों की प्राप्ति होती है और जल ही जीवन है। जल-ज्योति, वरुणावतार, झूलेलाल सिंधियों के ईष्ट देव हैं जिनके बागे दामन फैलाकर सिंधी यही मंगल कामना करते हैं कि सारे विश्व में सुख-शांति, अमन-चैन, कायम रहे और चारों दिशाओं में हरियाली और खुशहाली बने रहे। ह्रचेट्रीचंडुह्र जिसे झूलेलाल जयंती के नाम से भी जाना जाता है, यह सिंधी नव वर्ष की शुरूआत का प्रतीक है। यह तिथि हिंदू पंचांग पर आधारित है और चैत्र शुक्ल पक्ष के दूसरे दिन मनाई जाती है। (सिंधी भाषा में चैत्र को चेट्र कहते हैं) चेट्रीचंडु साईं उडेरोलाल का जन्मदिन भी है, जिन्हें झूलेलाल के नाम से जाना जाता है जो भगवान विष्णु के वरुणवतार माने जाते हैं। इन्ही झूलेलाल जी के अवतरण दिवस को सिंधी समाज चेटीचंड के रूप में मनाता है। कुछ विद्वानों के अनुसार सिंध में मुगल शासकों द्वारा अपनी प्रजा पर अत्याचार करने लगे थे जिसके कारण सिंधी समाज ने कठिन जप, तप और साधना की। तब सिंधु नदी में से एक बहुत बड़े नर मत्स्य पर बैठे हुए भगवान झूलेलाल प्रकट हुए और कहा मैं 8 दिन बाद जन्म लेकर मिरखशाह के अत्याचारों से प्रजा को मुक्ति दिलाउंगा। चैत्र माह की द्वितीया को एक बालक ने जन्म लिया जिसका नाम उडेरोलाल रखा गया। अपने चमत्कारों के कारण बाद में उन्हें झूलेलाल, लालसांई, के नाम से सिंधी समाज और ख्वाजा खिज्र जिन्दह पीर के नाम से मुसलमान भी पूजने लगे। चेटीचंड के दिन श्रद्धालु बहिराणा साहिब बनाते हैं। शोभा यात्रा में ह्यछेजह्न (जो कि सिंध में डांडिया की तरह लोकनृत्य होता है) के साथ झूलेलाल की महिमा के गीत गाते हैं। ताहिरी (मीठे चावल), छोले (उबलेनमकीन चने) और शरबत का प्रसाद बांटा जाता है। शाम को बहिराणा साहिब का विसर्जन कर दिया जाता है। सिंध प्रान्त से भारत में आकर शहर ह्र शहर में बसे सिंधी समुदाय के लोगों द्वारा झूलेलाल जी की पूजा की जाती हैं। ये उनके इष्ट देव हैं। सागर के देवता, सत्य के रक्षक और दिव्य दृष्टि के महापुरुष के रूप में इन्हें मान्यता दी गुई हैं। ताहिरी, छोले (उबले नमकीन चने) और शरबत आदि इस दिन बनाते हैं तथा चेटीचंड की शाम को गणेश विसर्जन की तरह बहिराणा साहिब का विसर्जन किया जाता हैं। भगवान झूलेलाल जी का जन्म चैत्र शुक्ल 2 संवत 1007 को हुआ था, इनके जन्म के सम्बन्ध में कई पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं।

मगर इन सभी में बहुत सी समानताएं भी हैं यहां आपकों भगवान झूलेलाल जी की सर्वमान्य कथा बता रहे हैं जिन पर अधि कतर लोगों का विश्वास हैं। बात सिंध इलाके की हैं 11 वीं सदी में वहां मिरक शाह नाम का शासक हुआ करता था। वह प्रजा का शासक कम अपनी मनमानी करने वाला जनता को तरह तरह की शारीरिक यातनाएं देने में आनन्द खोजने वाला अप्रिय एवं अत्याचारी था। उसके लिए मानवीय मूल्य तथा व्यक्ति जीवन गरिमा व धर्म कुछ भी मायने नहीं रखते थे।

दिन ब दिन बढ़ते शाह के जुल्मों से सिंध की प्रजा तंग आ चुकी थी। राजतन्त्र में वे चाहकर भी कुछ नहीं कर पाते। उनके पास पुकार का एक ही जरिया था वह था ईश्वर से मदद की गुहार। राज्य की जनता सिन्धु के तट पर एकत्रित होकर भगवान से इस मुश्किल से निकालने के लिए प्रार्थना करने लगे। वरुणदेव उदेरोलाल ने जलपति के रूप में मछली पर सवार होकर लोगों को दर्शन दिया। तथा आकाशवाणी हुई कि हे भक्तों तुम्हारे दुखों का हरण करने के लिए मैं ठाकुर रतनराय के घर माँ देवकी के घर जन्म लूंगा तथा आपके जुल्मों को खत्म करूंगा।

चैत्र शुक्ल 2 संवत 1007 के दिन नसरपुर में मां देवकी पिता रतनराय के घर चमत्कारी बालक ने जन्म लिया जिसका नाम उदयचंद रखा गया। जब मुस्लिम शासक को यह खबर मिली तो उसने अपने सेनापति को इस बालक का वध करने के लिए भेजा। सेनापति अपनी पूरी सेना के साथ नसरपुर के रतनराय जी के यहां पहुचकर बालक उदयचंद तक पहुचने का प्रयास किया तो झूलेलाल जी ने अपनी दैवीय शक्ति से मुस्लिम शासक के राजमहल में आग लगा दी तथा उसकी फौज को पंगु बना दिया। जब मुस्लिम शासक को किसी ईश्वरीय शक्ति के ताकत का अंदाजा हुआ तो वह माँ देवकी के घर गया तथा झूलेलाल जी के कदमों में गिरकर अपने पापों की क्षमा मांगने लगा। इस तरह अल्पायु में ही झूले लाल जी ने आमजन में सुरक्षा का भरोसा दिलाया तथा उन्हें निडर होकर अपना कर्म करने के लिए प्रेरित किया। इस पर मुस्लिम शासक के द्वारा हाथ जोड़कर के यह कहा गया कि है पीरों के पीर आपके चरणों में मेरा बारंबार नमस्कार है और इस प्रकार से भगवान झूलेलाल के चमत्कार से हिंदू जनता को मुस्लिम शासक के अत्याचार से आजादी मिली। गौरतलब है कि बालक उदेरोलाल (भगवान झूलेलाल) चमत्कार कर रहा था। नसरपुर के लोग पूर्णतः आश्वस्त थे कि उन्हें बचाने साक्षात ईश्वर ने जन्म लिया है। उदेरोलाल ने गोरखनाथ से ह्लअलख निरंजनह्व का गुरु मंत्र भी प्राप्त किया था ।उदेरोलाल की सौतेली माँ उन्हें फल देकर बेचने भेजती थी। उदेरोलाल बाजार जाने के बजाय सिंधु तट पर जाकर उन्हें बुजुर्गों, बच्चों, भिक्षा मांगने वालों और गरीबों को दे देते थे। वहीं उसी खाली बक्से को लेकर वह सिंधु में डुबकी लगाते और जब निकलते तो वह बक्सा उन्नत किस्म के चावल से भरा होता जिसे ले जाकर वह अपनी माँ को दे देते।रोज-रोज उन्नत किस्म के चाँवल को देखकर एक दिन उनकी मां ने उनके पिता को भी साथ भेजा। जब रतनचंद ने छुपकर उदेरोलाल (भगवान झूलेलाल) का यह चमत्कार देखा तो उन्होंने झुककर उन्हें प्रणाम किया और उन्हें साक्षात ईश्वर के रूप में स्वीकार किया।

:दूसरी तरफ मुस्लिम शासक मिरखशाह के ऊपर मौलवियों द्वारा लगातार हिंदुओं को इस्लाम में लाने का दबाव डाला जा रहा था। उन्होंने उसे अल्टीमेटम दिया। ह्लकाफिरों को इस्लाम में बदलने का आदेश दिया।ह्व मौलवियों की बात और अपने इस्लामिक अहंकार में मिरखशाह ने उदेरोलाल से खुद मिलने का फैसला किया। उसने अहिरियो को मिलने की व्यवस्था करने को कहा।अहिरियो, जो इस बीच में जलदेवता का भक्त बन गया था, सिंधु के तट पर गया और जल देवता से अपने बचाव में आने की विनती की। अहीरियो ने एक बूढ़े आदमी को देखा, जिसमें एक सफेद दाढ़ी थी, जो एक मछली पर तैर रहा था। अहिरियो का सिर आराधना में झुका और उन्होंने समझा कि जल देवता उदेरोलाल हैं। फिर अहिरियो ने एक घोड़े पर उदेरोलाल को छलांग लगाते हुए देखा और और उदेरोलाल एक हाथ में तलवार और दूसरे हाथ में एक झंडा लिए हुए निकल गए।

मिरखशाह जब उदेरोलाल जी के सामने आया तो उन्हें भगवान झूलेलाल (उदेरोलाल) ने ईश्वर का मतलब समझाया। लेकिन कट्टरपंथी मौलवियों की बातें और इस्लामिक कट्टरपंथ लिए बैठा मिरखशाह उन सभी बातों को अनदेखा कर अपने सैनिकों को झूलेलाल जी गिरफ्तार करने का आदेश देता है।जैसे ही सैनिक आगे बढ़े वैसे ही पानी की बड़ी बड़ी लहरें आंगन को चीरती हुई आगे आ गई। आग ने पूरे महल को घेर लिया और सब कुछ जलना शुरू हो गया। सभी भागने के मार्ग बंद हो गए। उदेरोलाल (भगवान झूलेलाल) ने फिर कहा कि ह्लमिरखशाह इसे खत्म करो! आखिर तुम्हारे और मेरे भगवान एक हैं तो फिर मेरे लोगों को तुमने क्यों परेशान किया ?ह्वमिरखशाह घबरा गया और उसने झूलेलाल जी से विनती की, ह्लमेरे भगवान, मुझे अपनी मूर्खता का एहसास है। कृपया मुझे और मेरे दरबारियों को बचा लो।ह्व

इसके बाद सारी जगह पानी की बौछार आई और आग बुझ गई। मिरखशाह ने सम्मानपूर्वक नमन किया और हिंदुओं और मुसलमानों के साथ एक जैसा व्यवहार करने के लिए सहमत हुआ।इससे पहले कि वे तितर-बितर होते, उडेरोलाल ने हिंदुओं से कहा कि वे उन्हें प्रकाश और पानी का अवतार समझें। उन्होंने एक मंदिर बनाने के लिए भी कहा। उन्होंने कहा ह्लमंदिर में एक मोमबत्ती जलाओ और हमेशा पवित्र घूंट के लिए पानी उपलब्ध रखो।ह्वयहीं उदेरोलाल ने अपने चचेरे भाई पगड़ को मंदिर का पहला ठाकुर (पुजारी) नियुक्त किया। भगवान झूलेलाल ने पगड़ को सात सिंबॉलिक चीजें दी। भगवान झूलेलाल ने पगड़ को मंदिरों के निर्माण और पवित्र कार्य को जारी रखने का संदेश दिया। भगवान झूलेलाल ने अपने चमत्कारिक जन्म और जीवन से ना सिर्फ सिंधी हिंदुओं के जान की रक्षा की बल्कि हिन्दू धर्म को भी बचाये रखा। मिरखशाह जैसे ना जाने कितने इस्लामिक कट्टरपंथी आये और धर्मांतरण का खूनी खेल खेला लेकिन भगवान झूलेलाल की वजह से सिंध में एक दौर में यह नहीं हो पाया। भगवान झूलेलाल आज भी सिंधी समाज के एकजुटता, ताकत और सांस्कृतिक गतिविधियों के केंद्र हैं।भगवान झूलेलाल ने अपने भक्तों से कहा कि मेरा वास्तविक रूप जल एवं ज्योति ही है। इसके बिना संसार जीवित नहीं रह सकता। उन्होंने समभाव से सभी को गले लगाया तथा साम्प्रदायिक सद्भाव का संदेश देते हुए दरियाही पंथ की स्थापना की।सिंधी समुदाय को भगवान राम के वंशज के रूप में माना जाता है। महाभारत काल में जिस राजा जयद्रथ का उल्लेख है वो सिंधी समुदाय का था। सिंधी समुदाय चेटीचंड पर्व से ही नववर्ष प्रारम्भ करता है। चेटीचंड के अवसर पर सिंधी भाई अपार श्रद्धा के साथ झूलेलाल की शोभायात्रा निकालते हैं। इस दिन सूखोसेसी प्रसाद वितरित करते हैं। चेटीचंड के दिन सिंधी स्त्री-पुरुष तालाब या नदी के किनारे दीपक जला कर जल देवता की पूजा-अर्चना करते हैं।

वरुण देव का अवतार माने जाने वाले झूलेलाल जी की जयंती का पर्व सिंधियों का सबसे बड़ा पर्व हैं। वर्ष 2025 में यह 30 मार्च के दिन मनाया जा रहा है। इस दिन भारत में गुड़ी पड़वा तथा उगदी को भी मनाते हैं, इस दिन जगह जगह पर मन्दिरों में पूजा अर्चना, सांस्कृतिक कार्यक्रम व जुलुस निकाले जाते हैं। इस अवसर पर दिन प्रसाद के तौर पर उबले काले चने व मीठा भात सबको बांटा जाता हैं। चलिओ उर्फ चालिहो को चालिहो साहिब भी एक सिंधी पर्व हैं जिन्हें अंग्रेजी कलैंडर के अनुसार अगस्त या जुलाई माह में सिंधी समुदाय मनाता हैं।

अशोक भाटिया,

# नवसंवत्सर 2082 : आपदाओं के बीच रहेगी खुशहाली, बरसेगी सूर्य कृपा



-सुरेश गांधी



**शक्ति की अधिष्ठात्री मां दुर्गा और मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम की आराधना का पर्व चैत्र नवरात्रि रविवार को चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को कलश स्थापना के साथ शुरू होगा। इस दौरान 6 अप्रैल तक नौ दिनों तक मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की आराधना एवं रामनवमी तक भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना होगी। चैत्र मास की शुक्ल प्रतिपदा को नववर्ष भी मनाया जाता है। चैत्र साल का पहला महीना है। शुक्ल प्रतिपदा को पहली तिथि माना जाता है. इस दिन को नव संवत भी कहा जाता है. पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन भगवान ब्रह्मा ने सृष्टि रचने की शुरूआत की थी। इसी दिन को विक्रम संवत के नए साल का आरंभ माना गया. हिन्दू नववर्ष के शुरू होते ही पेड़ पौधे भी अपने नए कलेवर में आते हुए नई पत्तियों को धारण करने लगते हैं. मनुष्यों के रूप में भी परिवर्तन हो जाता है. इसके अलावा अंतरिक्ष में ग्रहों की स्थितियां भी बदल जाती हैं. पाताल से लेकर के समस्त लोक तक में परिवर्तन हो जाता है. नवरात्र का उपासना करके सनातनी भी अपने नए कलेवर में हो जाते हैं. इस दिन महाराष्ट्र में गुढ़ी पड़वा, आंध्र प्रदेश में युगादि, सिंधी समाज में चेट्टी चंड मनाने की परंपरा है. विक्रम संवत शुरूआत राजा विक्रमादित्य ने की थी**

फिरहाल, शुक्ल प्रतिपदा नववर्ष का शुभारंभ 30 मार्च को नवरात्र के साथ ही आरंभ होने जा रहा है। जबकि नया विक्रम संवत भी इसी दिन से शुरू हो रहा है। विक्रम संवत हिन्दू पंचाग का कैलेंडर भी हैं। यह चंद्र-सौर कैलेंडर है। इसी कैलेंडर के आधार पर हिंदू धर्म के लोग शादी-विवाह, पूजा-पाठ आदि की तिथि देखते हैं। ये 57 ईसा पूर्व में आरंभ हुआ था। हिंदू पंचांग विक्रम संवत की गणना चंद्रमा व सूर्य की गति के आधार पर की जाती है। विक्रम संवत अंग्रेजी कैलेंडर से 57 साल आगे चलता है। इसलिए इस बार हिंदू कैलेंडर का साल 2082 है। इसकी शुरूवात सम्राट विक्रमादित्य ने की थी। तभी से विक्रम संवत को हिंदू नए साल के रूप में मनाया जाता है। इस साल का राजा ग्रह सूर्य होंगे और नवसंवत्सर का नाम होगा सिद्धार्थ। इसका वाहन घोड़ा रहेगा। वैसे भी सूर्य को ग्रहों का राजा माना जाता है। जबकि अन्न-धन, खनिज व धातु के स्वामी बुध, खाद्य पदार्थों के स्वामी मंगल होंगे. ज्योषाचार्यो के मुताबिक, यह हिंदू नव वर्ष हमारे जीवन में कई सकारात्मक चीजें लाएगा। नवसंवत्सर को देश के विभिन्न राज्यों में अलग-अलग तरह से मनाया जाता है। नवरात्र की शुरूआत भी इसी दिन होगी। हिंदू नववर्ष के दिन से ब्रह्माजी ने सृष्टि की रचना भी शुरू की थी। भगवान श्रीराम और धर्मराज युधिष्ठिर का राज्याभिषेक भी इसी दिन हुआ था।

हिंदू पंचांग विक्रम संवत के आधार पर चलता है. इसीलिए हिंदू नव वर्ष अंग्रेजी कैलेंडर से 57 साल आगे है. ज्योतिष विद्वानों के अनुसार विक्रम संवत 2082 कालयुक्त संवत्सर का नाम सिद्धार्थ होगा और इसका वाहन घोड़ा रहेगा. इस संवत्सर में राजा और मंत्री के पद ग्रहों के राजा सूर्य के पास रहेगा. इससे इस वर्ष रिकार्ड तोड़ गर्मी पड़ेगी. प्रतिपदा के तिथि के दिन जो वार होता है उसके आधार पर वर्ष के अनुसार संवत्सर के मंत्री पद निर्धारित होता है. हालांकि नव संवत्सर उत्तम और अच्छा फल देने वाला साबित होगा. इस वर्ष की स्थिति संतोषजनक होगी, लेकिन इस वर्ष गर्मी भी खूब पड़ेगी, आगजनी की घटनाएं हो सकती हैं, क्योंकि सूर्य राजा और मंत्री दोनों पदों पर होगा. प्राकृतिक आपदाओं के बीच फसलें अच्छी रहेंगी. नव संवत्सर ज्ञानियों व वैराज्ञियों के लिए अच्छा रहेगा. लोगों की धर्म-आध्यात्म में रूचि बढ़ेगी. बुध के प्रभाव से वर्षा की स्थिति संतोषजनक रहेगी. चैमासी फसलों का स्वामी बुध के होने से गेंहू, धान, गन्ना आदि अच्छी फसल होगी. शीतकालीन फसलों के स्वामी चंद्रमा के होने से मूंग, बाजरा, सरसों जैसी फसलों की उपज अच्छी रहेगी. इस संवत्सर का निवास वैश्य के घर होने से व्यापार में प्रगति होगी. अन्न, भूमि, भवन, शिक्षा, सोना, वाहन, तकनीक के क्षेत्रों में तेजी रहेगी.

बता दें, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा में रविवार 30 मार्च को नए संवत्सर 2082 का आरंभ ग्रह-गोचरों के शुभ संयोग में होगा. इस दिन शाम 6:14 बजे तक रेवती नक्षत्र फिर अश्विनी नक्षत्र विद्यमान रहेगा. मीन लग्न सुबह 06:26 बजे तक रहेगा फिर मेष लग्न का आरंभ होगा. मीन राशि में इस दिन पांच ग्रह के मौजूद होने से पंचग्रहीय योग बनेगा. मीन राशि में सूर्य, बुध, राहु, शनि और शुक्र ग्रह विद्यमान होंगे. केतु कन्या राशि में, देवगुरु बृहस्पति वृष राशि में तथा मंगल मिथुन राशि में रहेंगे. नव संवत्सर ज्ञानियों व वैराज्ञियों के उत्तम होगा. लोगों का धर्म-आध्यात्म में रूचि बढ़ेगी. बुध के प्रभाव से वर्षा की स्थिति संतोष जनक रहेगी. चैमासी फसलों का स्वामी बुध के होने से गेंहू, धान, गन्ना आदि की उपज में बढ़ोतरी होगी. शीतकालीन फसलों का स्वामी चंद्रमा होने से मूंग, बाजरा, सरसों की उपज अच्छी होगी. नए संवत्सर का निवास वैश्य के घर होने से व्यापार में प्रगति होगी. अन्न, भूमि, भवन, शिक्षा, सोना, वाहन, तकीनक के क्षेत्रों में तेजी रहेगी. सूर्य के राजा व मंत्री होने इस वर्ष तापमान सामान्य से ऊपर होने के कारण अत्यधिक गर्मी लोगों को झेलनी पड़ सकती है. अग्निकांड से धन जन की हानि के आसार हैं.

इस वर्ष वृक्षों पर अपेक्षाकृत फल कम आने की संभावना है. चैत्र व वैशाख मास कष्टकारी व आषाढ़ मास में हवा की गति में तेजी आएगी. सावन मास में अनाजों में तेजी, आश्विन मास में समानता व कार्तिक में मंदी का दौर रहेगा. अगहण, पौष, माघ व फाल्गुन में अशांति, शासकीय विरोध झेलने पड़ेंगे. इस वर्ष आकाशीय मंडल में 2082 संवत की यदि मंत्रिमंडल की बात करें, संवत के राजा और मंत्री सूर्य होंगे. वहीं अन्न-धन, खनिज व धातु के स्वामी बुध, खाद्य पदार्थों के स्वामी मंगल होंगे. वही सेनापति का कार्यभार शनि संभालेंगे और संवत्सर के वाहन घोड़ा होगा. इस विक्रम संवत का नाम सिद्धार्थ होगा. इस सिद्धार्थ संवत के राजा- सूर्य, मन्त्री- सूर्य, सस्येश- बुध, दुर्गेश- शनि, धनेश- मंगल, रसेश- शुक्र, धान्येश- चन्द्र, नीरसेश- बुध, फलेश- शनि, मेघेश- सूर्य होंगे. इस वर्ष त्वचा व संक्रमण की बीमारियों का प्रकोप के आसार हैं। सूर्य के विशेष प्रभाव होने के कारण भारतीय राजनीति पर असर पड़ेगा. विदेशी कूटनीति से लाभ मिलेगा। देश के कई राज्यों में सत्ता परिवर्तन की संभावना बनेगी. कई स्थानीय राजनीतिक पार्टियों का विलय होगा. राजनीतिक परिदृश्य की बात करें, तो इस वर्ष राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री की भूमिका सूर्य के समान प्रभावशाली होगी. नेतृत्व में दृढ़ता और अनुशासन देखने को मिलेगा. आर्थिक स्थिति पर दृष्टि डालें तो महंगाई पर कुछ हद तक नियंत्रण रहेगा, जिससे जनता को राहत मिलेगी। फसलें अच्छी होने की संभावना है, जिससे किसानों को लाभ होगा. सूर्य प्रधानता के कारण गर्मी अधिक रहेगी, जिससे जलसंकट और सूखे की स्थिति बन सकती है. उत्तम वर्षा के योग बनेंगे. सुख, समृद्धि, शांति का वातावरण निर्मित होगा. ऋग्वैदीय परंपरा का एक बार पुनः अनुभव होगा.

धर्म, अध्यात्म में जनता का मन, बुद्धि संयुक्त होगा. पश्चिम दक्षिण दिशा में कहीं-कहीं खण्ड वृष्टि का योग बनेगा और कुछ स्थान पर फसल अच्छी होने से संतुलन की स्थिति बन सकेगी. अज्ञात संक्रामक रोगों के प्रति सावधानी की आवश्यकता होगी. समाज में अनुशासन और परिश्रम की भावना बढ़ेगी. प्रशासन में कठोरता आ सकती है. गर्मी अधिक होने से जलजनित रोग और त्वचा संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं, इसलिए सावधानी जरूरी है. इस नवसंवत्सर में सूर्य की शक्ति विशेष प्रभाव डालेगी, जिससे प्रशासन और नेतृत्व में मजबूती के साथ-साथ मौसम का तीव्र प्रभाव भी देखने को मिलेगा. सूर्य भारतीय ज्योतिष में विशिष्ट भूमिका में रहते हैं. सूर्य के प्रभाव से यह संवत्सर भारत के लिए विशेष महत्वपूर्ण रहेगा. सूर्य नवग्रह में राजा है. इस दृष्टि से पूरे भारत में राज्य स्तरीय राजनीति का प्रमुख केंद्र सेंटर हो जाएगा अर्थात दिल्ली ही संपूर्ण भारत में राजनीति के मापदंड को तय करेगी. प्रधानमंत्री ही सभी राज्यों के मुख्यमंत्री का डेवलपमेंट ग्राफ को तय करेंगे. सूर्य के राजा बनने पर अधिक शक्ति भारत के प्रधानमंत्री के हाथ में सुरक्षित रहेगी. राज्यों को विकास कार्यों के लिए केंद्र पर आश्रित रहना होगा. हिंदू नव वर्ष में भारतीय शासन में प्रशासनिक व्यवस्था और न्यायिक व्यवस्था में अलग-अलग प्रकार के परिवर्तन और संशोधन होंगे. वहीं संवैधानिक प्रणालियों पर भी पुनः अध्ययन करने की आवश्यकता अनुभव होगी और बहुत सारे संशोधन जनहित की दृष्टि से करने का संकल्प लिया जाएगा. बहुत से स्थान पर जनता के लिए न्याय तथा प्रशासन का विश्वास बना रहे, इसके लिए विशेष प्रयास भारतीय शासन व्यवस्था में करनी होगी. संवत्सर का राजा सूर्य होने से सूर्य की शक्ति का प्रभाव अलग-अलग प्रकार से विभिन्न क्षेत्र में दिखाई देगा. सर्वप्रथम प्राकृतिक परिवर्तन होने से कहीं-कहीं खंडवृष्टि होगी कुछ स्थानों पर चतुष्पद पशुओं को पीड़ा की स्थिति और कहीं प्रजा को रोग आदि का कष्ट हो सकता है. वहीं धान्य का उत्पादन मध्यम से श्रेष्ठ होगा. राष्ट्रीय प्रमुखों के लिए यह समय चिंतनीय रहेगा, विश्व राजनीति में कूटनीति स्पष्ट रूप से दिखाई देगी. युद्ध उन्मादी राष्ट्रों के मध्य अस्थिरता उत्पन्न होगी। कहीं-कहीं न चाहते हुए आंतरिक गृह युद्ध की स्थिति दिखाई देगी. वहीं शांतिप्रिय राष्ट्रों के मध्य विश्व स्तरीय संधि का भी प्रस्ताव आने से क्षेत्र विशेष में अनुकूलता का प्रभाव रहेगा. शेयर मार्केट में विश्वस्तरीय उठापटक के चलते उतार-चढ़ाव की स्थिति बनेगी, वहीं पॉलिसी बजट से जुड़े मामलों में भी गतिरोध की स्थिति दिखाई देगी. विदेशी मुद्राओं का भंडारण एक्सपोर्ट और इंपोर्ट की पॉलिसी के तहत घटेगा. साइबर अपराध कहीं-कहीं चुनौतियों का विषय बनेगा. उच्च तकनीक या नवीन तकनीक के माध्यम से शासकीय चुनौती की परीक्षा होगी हालांकि प्रशासनिक क्षमता के बढ़ने से परिस्थिति में सुधार भी होगा. अतिथि देवो भवः का संकल्प संपूर्ण विश्व में भारत के नाम को सम्मानित करवाएगा. भारत की निर्यात नीति सहयोगी राष्ट्रों को सहयोग करेगी, वहीं उत्तम कृषि से भंडारण परिपूरित रहेगा. धर्म प्राण जनता में सुख शांति का अनुभव होगा. वैदिक और उपनिषदीय प्रभाव बढ़ेगा.

धर्म, अध्यात्म, संस्कृति के प्रति वैचारिक परिवर्तन होंगे. लोगों में आस्था बढ़ेगी. तीर्थ मंदिरों की ओर लोगों का रूझान बढ़ेगा. वन औषधि एवं आयुर्वेदिक औषधि सहित सामुद्रिक वस्तुओं के मूल्य में उछाल आएगा. धातुओं के मूल्य में उतार-चढ़ाव के साथ वृद्धि होगी. ज्योतिषाचार्यो के मुताबिक इस बार के हिंदू नववर्ष में बेहद दुर्लभ संयोग बनने जा रहा है. सूर्य, बुध, चंद्रमा, शनि और राहु मीन राशि में रहने वाले हैं. यानी इस दिन अद्भुत संयोग बनेगा. इसका प्रभाव सभी राशियों के ऊपर पड़ने जा रहा है. लेकिन कुछ राशियों के ऊपर विशेष प्रभाव दिखेगा. तो मिथुन, कर्क, धनु और कुंभ राशियों के लिए सौगात लेकर आने वाली है. नौकरी की तलाश पूरी होगी. नौकरीपेशा वालों के लिए प्रमोशन और वेतन वृद्धि का योग है. पारिवारिक जीवन मे सुधार आएगा. पैतृक संपत्ति का विवाद समाप्त होगा. प्रॉपर्टी मामले में धन लाभ का योग है. यात्रा का भी योग है. भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा. हर कार्य में सफलता मिलेगी. करियर में आगे बढ़ने के लिए नई जिम्मेदारी मिल सकती है. भविष्य में लाभ मिल सकता है. कानूनी मामलों में सफलता मिल सकती है. किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है. पुराने अटके हुए कार्य है पूर्ण होंगे. आर्थिक स्थिति में सुधार होगा. नौकरी में प्रमोशन और वेतन वृद्धि का भी योग है. कर्ज से मुक्ति मिल सकती है. कार्य के कारण समाज में मान प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी.

# अभिव्यक्ति की आजादी पर कभी सख्त तो कभी नरम सुप्रीम कोर्ट

-संजय सक्सेना

कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी को सुप्रीम कोर्ट से मिली अंतरिम राहत के बाद विभिन्न क्षेत्रों से मिश्रित प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। यह मामला अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, सांप्रदायिक सौहार्द, और न्यायिक प्रक्रियाओं के बीच संतुलन को लेकर महत्वपूर्ण बहस का केंद्र बन गया है। बता दें 21 जनवरी 2025 को, सुप्रीम कोर्ट ने इमरान प्रतापगढ़ी के खिलाफ गुजरात के जामनगर में दर्ज एफआईआर पर अंतरिम रोक लगा दी है। यह एफआईआर उनके द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई एक वीडियो क्लिप को लेकर दर्ज की गई थी, जिसमें बैकग्राउंड में ऐ खून के प्यासे बात सुनो कविता चल रही थी। शिकायतकर्ता का आरोप था कि यह कविता भड़काऊ है और सांप्रदायिक तनाव बढ़ा सकती है।

कुछ विपक्षी नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय की आलोचना यह तर्क देते हुए की कि न्यायपालिका को ऐसे मामलों में सावधानीपूर्वक विचार करना चाहिए जहां सांप्रदायिक सौहार्द प्रभावित हो सकता है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि क्या यह निर्णय कानून के समक्ष सभी के लिए समानता के सिद्धांत के अनुरूप है। उधर, कानूनी विशेषज्ञों ने सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना है। उन्होंने कहा कि यह मामला पुलिस और न्यायपालिका के लिए एक संकेत है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मामलों में संवेदनशीलता और समझ की आवश्यकता है। इसी तरह से कई सामाजिक कार्यकताओं ने इमरान प्रतापगढ़ी के समर्थन में आवाज उठाई, यह कहते हुए कि उनकी कविता का उद्देश्य अहिंसा और प्रेम का संदेश देना था, न कि सांप्रदायिक तनाव बढ़ाना। उन्होंने यह भी कहा कि कला और साहित्य को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के दायरे में सुरक्षित रखा जाना चाहिए। बात सोशल मीडिया की कि जाये तो यहां पर जनता की प्रतिक्रियाएं मिश्रित रहीं। कुछ लोगों ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का समर्थन किया, जबकि अन्य ने चिंता व्यक्त की कि इस तरह के निर्णय सांप्रदायिक सौहार्द को प्रभावित कर सकते हैं। दरअसल, भारतीय संविधान का अनुच्छेद 19(1)(एं) प्रत्येक नागरिक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार प्रदान करता है। हालांकि, यह अधिकार पूर्णतः असीमित नहीं है; अनुच्छेद 19(2) के तहत, राज्य को कुछ निश्चित परिस्थितियों में इस स्वतंत्रता पर उचित प्रतिबंध लगाने का अधिकार है, जैसे कि देश की संप्रभुता और अखंडता, राज्य की सुरक्षा, विदेशी राज्यों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध, सार्वजनिक व्यवस्था, शालीनता या नैतिकता, अदालत की अवमानना, मानहानि, या अपराध के लिए उकसाना। 2016 में, सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय दंड संहिता की धारा 499 और 500 के तहत आपराधिक मानहानि कानून की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा। न्यायमूर्ति दीपक मिश्रा और न्यायमूर्ति प्रफुल्ल सी पंत की खंडपीठ ने निर्णय दिया कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार पूर्ण नहीं है और इसे दूसरों की प्रतिष्ठा के अधिकार के साथ संतुलित किया जाना चाहिए। अदालत ने कहा,हमने माना है कि दंडात्मक प्रावधान संवैधानिक रूप से वैध हैं। अभिव्यक्ति की आजादी कोई असीम अधिकार नहीं है। बहरहाल, यहां यह भी याद रखना चाहिए कि 2020 में इसी सुप्रीम कोर्ट ने वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण को उनके दो ट्वीट्स के लिए अदालत की अवमानना का दोषी ठहराया, जिनमें उन्होंने न्यायपालिका की आलोचना की थी। इस फैसले की व्यापक आलोचना हुई, जिसमें इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर खतरनाक प्रभाव डालने वाला बताया गया। ह्यूमन राइट्स वॉच ने इस निर्णय पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा था कि इससे न्यायपालिका की वैध आलोचना पर खौफनाक असर पड़ सकता है। जनवरी 2023 में, सुप्रीम कोर्ट की पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने निर्णय दिया कि किसी मंत्री द्वारा दिए गए बयान को सरकार का आधिकारिक बयान नहीं माना जा सकता। अदालत ने कहा कि मंत्रियों, सांसदों, विधायकों और उच्च पदों पर बैठे व्यक्तियों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर कोई अतिरिक्त पाबंदी की आवश्यकता नहीं है। यह मामला उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मंत्री आजम खान के एक बयान से संबंधित था।

## आतंकी कसाब को जिंदा पकड़ने वाले को देगी सम्मान, शहीद पुलिसकर्मी का स्मारक बनाने का फैसला



**मुंबई।** मुंबई हमलों में अपनी जान गंवाने वाले शहीद पुलिसकर्मी तुकाराम ओंबले को खास सम्मान दिया जाएगा। आतंकी अजमल कसाब को पकड़ने वाले पुलिसकर्मी तुकाराम ओंबले का महाराष्ट्र सरकार सम्मान करेगी। सरकार सतारा जिले के मौजे केडंबे गांव में शहीद पुलिसकर्मी तुकाराम ओंबले का भव्य स्मारक बनाएगी।

इस स्मारक के निर्माण के लिए 13.46 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। महाराष्ट्र सरकार इस स्मारक के निर्माण के लिए पहले 20 फीसदी राशि दे चुकी है जो कि 2.70 करोड़ रुपये है। इस राशि से स्मारक का निर्माण जल्द शुरू होगा। मुंबई हमले यानी 26/11 हमलों के दौरान मुंबई पुलिस के जांबांज अधिकारी तुकाराम ओंबले थे, जिन्होंने आतंकी अजमल कसाब को अपनी जान पर खेलकर बचाया था। अजमल कसाब को जिंदा पकड़ने में तुकाराम की भूमिका बेहद अहम थी। उनकी बहादुरी के लिए उन्हें मरणोपरांत भारत सरकार ने अशोक चक्र से सम्मानित किया था। गौरतलब है कि वर्ष 2008 में हुए 26/11 हमलों में 166 लोगों की मौत हुई थी। इस हमले में सैंकड़ों लोगों की जान गई थी। इस हमले को अंजाम देने के लिए आतंकियों में से सिर्फ अजमल कसाब ही जिंदा पकड़ा गया था। इस आतंकी को जिंदा पकड़ने में सबसे अहम भूमिका तुकाराम ओंबले की रही थी। जानकारी के मुताबिक 26 नवंबर 2008 को पाकिस्तानी आतंकियों ने मुंबई में हमले किए थे। इस दौरान पूरी मुंबई दहशत की गिरफ्त में थी। इस दौरान दो आंतकी छत्रपति शिवाजी टर्मिनस स्टेशन पर अंधाधुंध गोलीबारी करते दिखे। इसमें एक अबू इस्माइल और दूसरा आंतकी अजमल कसाब था, जिसे जिंदा पकड़ने में मुंबई पुलिस को सफलता मिली थी। पुलिस ने आतंकवादियों को पकड़ने के लिए ताबड़तोड़ गोलियां चलाई। इसी बीच ओंबले ने कसाब को पकड़ लिया। इस दौरान भी कसाब लगातार गोलियां चलाता रहा मगर ओंबले ने अपनी पकड़ को कमजोर नहीं किया। इस दौरान कसाब की गोली ओंबले को भी लगी और वो शहीद हो गए। उनकी बहादुरी के कारण ही एक आतंकी जिंदा पकड़ा गया था, जिससे साजिश की सच्चाई सामने आई थी।

## केनडियर ने प्रस्तुत किए 'हनी बी कलेक्शन'



**मुंबई।** केनडियर प्रस्तुत करता है हनी बी ज्वैलरी कलेक्शन, जो मधुमक्खियों की अथक भावना से प्रेरित है, जो अपने छत्ते को पूरी सटीकता और समर्पण के साथ बनाती हैं। केनडियर कलेक्शन शक्ति और एकता को समर्पित है, जिसमें हेक्सागोनल हनीकॉम्ब पैटर्न में जटिल गोल्ड मेश, चमकते हुए हीरे और पीले व रोज गोल्ड में शानदार मधुमक्खी के डिजाइन शामिल हैं। बोल्ड ब्लैक इनामेल से सजी हुई, इस कलेक्शन की हर एक ज्वैलरी आपको अलग चमकाने के लिए बनाई गई है। हनीबी डायमंड रिंग : यह हनीबी डायमंड रिंग उन महिलाओं के लिए डिजाइन की गई है जो निडरता से अपनी राह खुद बनाती हैं। रोज गोल्ड में निर्मित, इस रिंग में शानदार हनीबी डिजाइन को खूबसूरती से उकेरा गया है, जो हेक्सागोनल डायमंड-स्टडेड फ्रेम पर सुशोभित है। यह डिजाइन मधुमक्खियों के छत्ते की सटीकता और सामंजस्य का प्रतीक है। इसका बोल्ड डिजाइन और बारीक कारीगरी इसे सशक्तिकरण और मजबूती का शानदार प्रतीक बनाते हैं। शिन्नी बी डायमंड नेकलेस : मधुमक्खी की मनमोहक सुंदरता से प्रेरित, शिन्नी बी डायमंड नेकलेस एक शानदार मिश्रण है एलीगेंस और चार्म का। इस शानदार हार में सजीव हनीकॉम्ब पैटर्न वाला पेंडेंट है, जिसमें चमकदार डायमंड जड़े हैं। ऊपरी भाग में वी-शेप्ड डायमंड एक्सेंट इसकी सुंदरता को और निखारता है, जबकि डायमंड से सजी हुई गोल्ड चेन इसे एक शाही लुक प्रदान करती है। मेलिका बी डायमंड ईयररिंग्स : मेलिका बी डायमंड ईयररिंग्स के साथ एलीगेंस में एक आकर्षक ट्विस्ट जोड़ें! ये बेहतरीन ईयररिंग्स प्रकृति-प्रेरित कला और शाश्वत सौंदर्य का अनोखा संगम हैं। पीले सोने से निर्मित और हीरों से सुसज्जित, इन झुमकों का हनीकॉम्ब पैटर्न अद्भुत चमक बिखेरता है। प्रत्येक ईयररिंग के ऊपर बैठी हुई, पीले और काले रंग की इनामेल से बनाई गई हनीबी इसे एक अनोखी खूबसूरती प्रदान करती है।

माइशिया बी डायमंड नेकलेस : माइशिया बी डायमंड नेकलेस एक नाजुक लेकिन प्रभावशाली डिजाइन वाला हार है, जो रोज गोल्ड में खूबसूरती से तराशा गया है। इस हार में एक हनीकॉम्ब डिजाइन है, जो चमचमाते हीरों से जड़ा हुआ है और इसके साथ बारीकी से बनाई गई इनामेल हनीबी इसे एक खास आकर्षण देती है। इसकी ग्रेसफुल ड्रॉप डिटेलिंग इसे और भी परिष्कृत बनाती है, जो इसे आकर्षण और सुंदरता का परफेक्ट मेल बनाती है।

मिसमैच बी डायमंड ईयररिंग्स : अपने ज्वेलरी कलेक्शन में एक खूबसूरत और मजेदार अंदाज जोड़ें मिसमैच बी डायमंड ईयररिंग्स के साथ। रोज गोल्ड से निर्मित, इन ईयररिंग्स की खासियत इनका असामान्य डिजाइन है। एक ईयररिंग में एक बारीक इनामेल की हुई मधुमक्खी है, जबकि दूसरे में हीरे जड़े हनीकॉम्ब डिजाइन को उकेरा गया है। चमकदार हीरे-जड़ित हुप्स के साथ जोड़ा गया विषम डिजाइन, इस जोड़ी को एक अनूठा और स्टाइलिश स्टेटमेंट पीस बनाता है। बिएने बी डायमंड पेंडेंट नेकलेस : बिएने बी डायमंड पेंडेंट नेकलेस प्रकृति की सुंदरता को समर्पित एक शानदार आभूषण है। लुभावने गोल्ड से निर्मित यह पेंडेंट हनीकॉम्ब डिजाइन में बना है, जिसमें चमचमाते हीरे जड़े हैं, और एक बारीक इनामेल की गई हनीबी इसे और भी आकर्षक बनाती है। इसकी ड्रिपिंग हनी डिटेलिंग इसे एक अनूठी और चंचल सुंदरता प्रदान करती है, जो इसे किसी भी अवसर के लिए परिपूर्ण बनाती है। यह आपकी ज्वेलरी कलेक्शन के लिए एक शानदार और सदाबहार खजाना है!

# हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल कायम, बोईसर विधानसभा में सौहार्द्र का माहौल : विधायक विलास तरे



**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** जिले के बोईसर विधानसभा क्षेत्र में हिंदू-मुस्लिम एकता की एक अनूठी मिसाल देखने को मिली। इस संदर्भ में शिवसेना के विधायक विलास तरे ने कहा कि यदि भाईचारे और सौहार्द्र का उदाहरण देखना हो तो वह बोईसर विधानसभा क्षेत्र में देखा जा सकता है। शिवसेना विधायक तरे ने कहा कि खासकर बोईसर व आसपास के क्षेत्रों में सभी धर्मों के लोग एक-दूसरे के सुख-दुख में शामिल होते हैं। त्योहार हो या सामाजिक कार्यक्रम, हिंदू-मुस्लिम समुदाय के लोग आपसी भाईचारे के साथ मिलकर उन्हें मनाते हैं। शिवसेना विधायक तरे ने इस एकता को क्षेत्र की विशेषता बताया और कहा कि यह समाज की सच्ची ताकत है, जिसे हमेशा बनाए रखना चाहिए।उन्होंने यह भी कहा कि राजनीतिक लाभ के लिए समाज में फूट डालने वालों से सावधान रहना होगा।श्री तरे ने जनता से अपील की कि वे प्रेम और भाईचारे की मिसाल कायम रखें और समाज में सद्भाव बनाए रखें।बोईसर विधानसभा क्षेत्र में लोगों के बीच ऐसा मेलजोल और आपसी सहयोग सांप्रदायिक सौहार्द्र का प्रतीक बन गया है जो पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक है। इस इफ्तार का आयोजन भाजपा के अहमद खान द्वारा बोईसर के खैरेपाड़ा में शुक्रवार को किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता अशोक वडे, प्रशांत संखे, वरिष्ठ पत्रकार आशाद शेख, अनिल शेलार, शिंदे शिवसेना गुट के रईस खान, सरावली ग्राम पंचायत के सरपंच आनंद धोडी, उप सरपंच वडे सहित क्षेत्र के विभिन्न धर्म, समाज और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## मुंबई में एक फ्लाईओवर पर कार ने टैक्सी में मारी टक्कर, दो की मौत



**मुंबई।** मुंबई के दादर क्षेत्र में शनिवार को एक फ्लाईओवर पर लापरवाही से चलायी जा रही कार ने टैक्सी में टक्कर मार दी और इस हादसे में चालक और एक महिला यात्री की मौत हो गयी।पुलिस ने यह जानकारी दी।

एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने कहा कि जांच में प्रथम दृष्टया पाया गया कि चालक लापरवाही से कार चला रहा था। पुलिस के मुताबिक जिन लोगों की जान गयी है उनमें टैक्सी चालक और यात्री रेखा परमार शामिल हैं।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना एलफिंस्टन ब्रिज पर दोपहर करीब सवा एक बजे हुई, जब प्रियांशु बांद्रे (21) कार से दादर रेलवे स्टेशन की ओर जा रहा था।

पुलिस के अनुसार, बांद्रे कार पर नियंत्रण खो बैठा जिसके कारण कार पुल के उत्तर की लेन से दक्षिण की लेन की ओर ओर चली गई और टैक्सी से टकरा गई। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने बांद्रे के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की है और मामले में जांच की जा रही है।

## श्री एलआर तिवारी कॉलेज ऑफ लॉ में मुफ्त स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन



**भाईंदर (उत्तरशक्ति)।** देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान राहुल एजुकेशन द्वारा संचालित श्री एलआर तिवारी कॉलेज ऑफ लॉ के डीएलएलई विभाग द्वारा वोकार्ड हॉस्पिटल के सौजन्य से आज मुफ्त चिकित्सा परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। करीब 200 लोगों ने शिविर का लाभ उठाया।कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में राहुल एजुकेशन की सह सचिव श्रीमती कृष्णा राहुल तिवारी के अलावा प्रशासकीय अधिकारी श्रीदेवी एमएन उपस्थिति रही। लॉ कॉलेज की प्रिंसिपल श्रीमती श्वेता चतुवेर्दी के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, ईसीजी आदि का मुफ्त परीक्षण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रिंसिपल विकास तिवारी, डॉ अमिता दुबे, डॉ कीर्ति दुबे, सुश्री पूजा शिवहरे, मनीषा पाठक , एडमिन प्रवीण पांडे तथा पूरे स्टाफ का अच्छा सहयोग रहा।

# दुर्गा मंदिर मान में कलश स्थापना के साथ नवचंडी महायज्ञ व श्रीमद् देवी भागवत कथा का शुभारंभ आज

**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर मां दुर्गा मंदिर मान महागांव लिंक रोड, नवापाड़ा , बोईसर (पू.) में भव्य ₹नवरात्रि महोत्सव₹ का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 30 मार्च 2025 से 07 अप्रैल 2025 तक चलेगा, जिसमें नवचंडी महायज्ञ व श्रीमद् देवी भागवत कथा, पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम दुर्गा मंदिर मान के पीठाधीश्वर संत श्री गुरुजी महाराज के सानिध्य में आयोजित किया जायेगा।

दुर्गा मंदिर मान के पीठाधीश्वर संत श्री गुरुजी महाराज ने कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया है कि 30 मार्च 2025 (रविवार) - चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा को सुबह 7:00 बजे से 9:00 बजे तक झ पूजन एवं आरती व सुबह 11:36 बजे से 12:36 बजे तक झ कलश स्थापना, पूजन एवं महाआरती तथा दोपहर 2:00 बजे से 5:00 बजे तक झ श्री दुर्गा सप्तशती पाठ एवं शाम 7:00 बजे से 10:00 बजे तक झ कलश पूजन, देवी पूजन, आरती एवं प्रसाद वितरण, 31 मार्च से 06 अप्रैल 2025 (प्रति दिन) सायं 6:00 बजे से रात 9:00 बजे तक झ श्रीमद् देवी भागवत कथा एवं कलश पूजन, आरती, प्रसाद वितरण, 31 मार्च 2025 (सोमवार) - द्वितीया से 06 अप्रैल (नवमी) को सुबह 8:00 बजे से 10:00 बजे तक झ कलश पूजन, देवी पूजन, भजन, आरती एवं प्रसाद वितरण तथा सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक झ श्री दुर्गा सप्तशती पाठ एवं शाम 6:00 बजे से रात 9:00 बजे तक श्रीमद् देवी भागवत कथा, कलश पूजन, आरती एवं प्रसाद वितरण, 07 अप्रैल 2025 (सोमवार) - श्री दुर्गा महाअष्टमी एवं रामनवमी को सुबह 9:00 बजे से 11:30 बजे तक झ हवन, देवी पूजन, कन्या पूजन, महाआरती तथा 11:30 बजे से महा हवन व भजन एवं दोपहर 2:00 बजे से रात 10:00 बजे तक झ प्रसाद वितरण एवं महा भंडारे का आयोजन किया जायेगा। दुर्गा मंदिर मान के पीठाधीश्वर संत श्री गुरुजी महाराज की ओर से समस्त श्रद्धालु भक्तगणों से सादर अनुरोध किया गया है कि वे पूरे आयोजन में भाग लेकर मां दुर्गा की कृपा प्राप्त करें। मंदिर समिति द्वारा सभी भक्तों से अपने सपरिवार आने का आग्रह किया गया है। उक्त कार्यक्रम के बारे में अधिक जानकारी हेतु दुर्गा मंदिर मान के मां भगवती मंदिर सेवा समिति के दूरभाष क्रमांक 9284807557 संपर्क कर सकते हैं।




# बिहार जनसेवा संस्था द्वारा बिहार दिवस कार्यक्रम का आयोजन आज




**पालघर(उत्तरशक्ति)।** बिहार जनसेवा संस्था की ओर से रविवार 30 मार्च 2025 को शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक पालघर जिले के बोईसर शहर अंतर्गत अमेया पार्क स्थित बंजारी हॉल में बिहार दिवस 2025 कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जायेगा।

बिहार दिवस कार्यक्रम में उन्नत बिहार - विकसित बिहार परिचर्चा व सांस्कृतिक कार्यक्रम का विशेष आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्यमंत्री व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कृपाशंकर सिंह तथा भाजपा महाराष्ट्र प्रदेश बिहार प्रकोष्ठ प्रभारी अतुल कुमार के साथ प्रमुख अतिथि के रूप में सांसद डॉ.हेमंत विष्णु सावरा तथा बोईसर विधायक विलास तरे उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा पालघर जिला अध्यक्ष भरत राजपूत करेंगे। इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के तौर पर नीतीश वर्मा, प्रद्युम्न शुक्ला, चंद्रप्रकाश मिश्रा व सुनील सिंह शामिल होंगे। उक्त आशय की जानकारी देते हुए बिहार जनसेवा संस्था के संस्थापक व अध्यक्ष बबन कुमार सिंह (बी.के.सिंह) ने बताया कि इस कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी मेहमानों हेतु बिहार राज्य का प्रसिद्ध स्वादिष्ट व्यंजन लिट्टी चोखा की विशेष व्यवस्था रहेगी। बिहार दिवस कार्यक्रम का आयोजन आर.बी.सिंह, बबन कुमार सिंह, संजय ठाकुर, कुंदन सिंह, उमेश सिंह, बी.के.झा, चंदन झा, अनिल चौधरी, वकील मेहता, दिनेश्वर कुशवाहा, मनीष सिंह, मुकलेश गिरी के विशेष सहयोग से किया जा रहा है।

## बढ़ गई कुणाल कामरा की मुश्किलें, मुंबई पुलिस ने कॉमेडियन के खिलाफ दर्ज किए मामले



**मुंबई।** मुश्किलों में फंसे कॉमेडियन कुणाल कामरा की परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही है। मुंबई के खार पुलिस स्टेशन में कुणाल कामरा के खिलाफ तीन मामले दर्ज किए गए है। तीन नए मामले जिन शिकायतकताओं की शिकायत के बाद किए गए हैं उनमें जलगांव शहर के मेयर भी शामिल हैं।

शनिवार को बताया कि कॉमेडियन कुणाल कामरा के खिलाफ नासिक के एक होटल व्यवसायी और एक अन्य व्यवसायी ने भी मामला दर्ज कराया है। मुंबई पुलिस की मानें तो कुणा कामरा को पूछताछ के लिए दो बार बुलाया जा चुका है। मगर अब तक उनकी पेशी नहीं हुई है। शिकायतों की जांच जारी है।

इस बीच, मद्रास उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कामरा को अग्रिम जमानत दे दी, क्योंकि उन्होंने अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए अदालत का रुख किया था। अपनी याचिका में उन्होंने कहा कि हालांकि उनका जन्म मुंबई में हुआ था, लेकिन वे 2021 में शांत जीवन जीने के लिए तमिलनाडु के विल्लुपुरम चले गए।

राहत देते हुए न्यायमूर्ति सुंदर मोहन ने कहा, यह अदालत 7 अप्रैल तक अग्रिम जमानत देने के लिए इच्छुक है। उसे वनूर न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत की संतुष्टि के लिए एक बांड निष्पादित करना होगा।₹ न्यायाधीश ने यह भी कहा कि कामरा ने पर्याप्त रूप से समझाया था कि वह तुरंत महाराष्ट्र की अदालत का दरवाजा क्यों नहीं खटखटा सकता। कामरा के वकील वी. सुरेश ने अदालत को बताया कि उनके खिलाफ आरोप उनके स्टैंड-अप कॉमेडी शो, नया भारत के दौरान की गई टिप्पणियों से उपजे हैं। उन्होंने तर्क दिया कि आरोपों के लिए हिरासत में पूछताछ की आवश्यकता नहीं है और सुरक्षा चिंताओं के कारण कामरा महाराष्ट्र में अग्रिम जमानत लेने में असमर्थ रहे हैं।

कॉमेडियन के वकील ने यह भी दावा किया कि कामरा को सत्तारूढ़ पार्टी के सदस्यों और महाराष्ट्र के मंत्रियों से धमकियाँ मिली थीं। उनके मुंबई स्थित वकील अश्विन थूल मुंबई से वर्चुअली सुनवाई में शामिल हुए। हालांकि एफआईआर खार में दर्ज की गई थी, लेकिन कामरा ने मद्रास उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया क्योंकि वह वर्तमान में उसी के अधिकार क्षेत्र में रहता है। उनके वकील ने मुंबई पुलिस द्वारा उनकी गिरफ्तारी की स्थिति में ₹वास्तविक शारीरिक नुकसान और उनके जीवन और स्वतंत्रता के लिए खतरे₹ के बारे में उनकी आशंकाओं पर जोर दिया, जो राजनीतिक पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा सार्वजनिक रूप से दी गई धमकी है।

## मीरा रोड में अवैध तरीके से रह रही एक बांग्लादेशी महिला गिरफ्तार



**मीरा रोड (उत्तरशक्ति)।** आज एम बी भीभी पोलीस आयुक्तालय, एएच टीसी के सीनियर पीआई देवीदास हंडोरे को गुप्त सूचना मिली थी की मीरा रोड ईस्ट, काशीमीरा पोलिस स्टेशन की हद में विजय पार्क रोड ,ओम शांति चौक, जोधपुर स्वीट के पास एक बांग्लादेशी महिला आने वाली हैं। फिर ए एच टीसी के सीनियर पीआई देवीदास हंडोरे ने और ए एच टीसी की टीम ने ओम शांति चौक,जोधपुर स्वीट के पास से एक बांग्लादेशी महिला को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार बांग्लादेशी महिला विगत 6/7 साल पहले बांग्लादेश से अवैध तरीके से भारत में आकर मीरा रोड के काशीमीरा की चाल में रुम लेकर रह रही थी। इस बंग्लादेशी महीला के पास बंगलादेश के दस्तावेज और भारत का आधार कार्ड व पैनकार्ड भी क्राइम ब्रांच की टीम ने जब्त किया है। बांग्लादेश की महिला को पैनकार्ड और आधार कार्ड किसने बनाकर दिया उसकी भी जांच पड़ताल क्राइम ब्रांच की टीम कर रही है। अब क्राइम ब्रांच की टीम गिरफ्तार बांग्लादेशी महिला के उपर पासपोर्ट एक्ट और विभिन्न बी एन एस की धाराओं के तहत कानूनी कारवाई कर रही है। इस तरह यह कारवाई आयुक्तालय के वरीष्ठ अधिकारियो और क्राइम ब्रांच के डीसीपी अविनाश अंबुरे,आईपीएस और ए सी पी मदन बल्लाल,के मार्गदर्शन में ए एच टीसी के सीनीयर पीआई देवीदास हंडोरे,पीएसआई प्रकाश तुपलोंढे, पीएसआई उमेश पाटील, पीएसआई अनिल पवार, एएसआई राजाराम आसावले, रामा पाटिल, एचसी किशोर पाटील, सम्राट गावडे, म.पो. एचसी निशीगंधा मांजरेकर, पीसी किशोर शिंदे,चेतन राजपुत, डब्लु पीसी अश्वनी भील्लारे, तृशा कटकधोंड और ए एच टीसी भाईंदर वेस्ट की टीम ने सयुंक्त रूप से यह कारवाई किया है। अब आगे की तपास काशीमीरा पोलिस स्टेशन की टीम कर रही है।

**उत्तरशक्ति**

* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।

**पत्राचार कार्यालय :**
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com







**स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति** द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * **संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति**, विश्व समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
**पत्राचार कार्यालयः** मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, **मो.-** 9554493941 **email ID- uttarshaktinews@gmail.com**

# नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए निरंतर किया जा रहा विकास कार्य: मनोरमा

## नगर पालिका परिषद जौनपुर द्वारा विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। जौनपुर नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में आधारभूत संरचना के विकास कार्यों का लोकार्पण नगर पालिका अध्यक्ष मनोरमा रामसूरत मौर्या ने किया। इन कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। अध्यक्ष मनोरमा रामसूरत मौर्या ने बताया सिपाह में भगेलूराम पार्क के सामने स्थित गली में प्रेमचंद श्रीवास्तव के मकान से सुरेंद्रनाथ श्रीवास्तव के मकान तक सी.सी. नाली निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया। इसके अलावा, पचहटियां में आजमगढ़ मेन रोड पर राम अवतार निषाद के घर से प्रदीप त्रिपाठी एडवोकेट के घर होते हुए शिवांगी महाविद्यालय तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इसी क्रम में, मोहल्ला खरका हुसैनाबाद में स्थित बनवारी बाबा के समाधि स्थल के सौंदर्यीकरण कार्य का भी लोकार्पण किया गया। यह सौंदर्यीकरण कार्य क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को बढ़ावा देगा। साथ ही, वार्ड सैदनपुर में मिजार्पुर-जौनपुर



मेन रोड से मां किराना स्टोर तक सड़क निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया। इस सड़क निर्माण से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी। अध्यक्ष मनोरमा रामसूरत मौर्या ने कहा, ‍‍‍‍नगर पालिका परिषद जौनपुर नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए निरंतर विकास कार्य कर रही है। जल निकासी, सड़क निर्माण और सौंदर्यीकरण से नगरवासियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। हमारी प्राथमिकता हर वार्ड का समुचित विकास करना है। नगर को स्वच्छ, सुंदर और सुविधायुक्त बनाना हमारा लक्ष्य है। हम सभी से सहयोग की अपेक्षा करते हैं ताकि हम जौनपुर को और अधिक विकसित बना सकें। नगर पालिका परिषद जौनपुर द्वारा किए गए इन लोकार्पण कार्यक्रमों से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विकास को गति मिलेगी और स्थानीय नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी।

इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि डा रामसूरत मौर्या, सभासद अंकित सिंह बिट्ठू, पूर्व सभासद अनुज मौर्य, मनीष श्रीवास्तव, सभासद रूपा गुप्ता, रामसकल मौर्य और रिंकू मौर्य और सम्मानित जनमानस उपस्थित रहे।

# रेलवे ट्रैक पर संदिग्ध परिस्थिति में मिला महिला का शव

रेणुकूट,सोनभद्र(उत्तरशक्ति)। मुर्धवा हाईटेक रोड रेलवे क्रॉसिंग के पास 35 वर्षीय महिला की शव मिलने से हड़कंप मचा।महिला की पहचान साधना गिरी पत्नी दशरथ गिरी के रूप में हुई है। महिला स्थाई निवासी जौनपुर जनपद के मछलीशहर थाना क्षेत्र के ग्राम खाखोपुर वातनहित की रहने वाली थी। वर्तमान में मुर्धवा होटल पद्मिनी के पीछे के रहने वाली बताई जा रही है। चौकी प्रभारी राजेश चौबे के अनुसार घटना की जानकारी मृतिका के पति दसरथ गिरी को शनिवार सुबह मिली थी। उन्होंने ने बताया कि शुक्रवार की शाम को ड्यूटी से आने



के बाद खाना खाकर सो गया था। इससे पहले उसकी पत्नी ने पेट दर्द की शिकायत की थी थका होने के कारण वह दवा लेने नहीं जा सका तो साधना ने खुद हाईटेक रेलवे क्रॉसिंग के पास स्थित एक दवा खाने से दवा लेने जाने की बात कही थी। जो रेलवे लाइन के रास्ते डॉक्टर के पास जाते समय ट्रेन की चपेट में आ गई जिस से उसकी मृत्यु हो गई। इस घटना की सूचना निशा बबलू सिंह की टीम को मिली तो तत्काल डब्लू सिंह घटना स्थल पहुंच कर।घटना की जानकारी फोन द्वारा पुलिस को दिए मृतिका का शव देखने से संदिग्ध लग रही है शव को पुलिस सपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा व पुलिस जांच कर रही है।

# प्राथमिक विद्यालय ठेंगहा द्वारा एआरपी महराजगंज का किया गया सम्मान

महराजगंज,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। महाराजगंज विकासखंड के ठेंगहा प्राथमिक विद्यालय पर ए आर पी सत्यनारायण यादव, राजेश वर्मा, महेंद्र प्रसाद, जितेंद्र कुमार, संदीप सिंह का खंड शिक्षा अधिकारी महराजगंज रमेश चंद पटेल की उपस्थिति में विद्यालय के प्रधानाध्यापक व समस्त स्टाफ द्वारा माल्यार्पण कर मोमेंटो व अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए हुई। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी ने पांचो एआर पी के कार्यशैली की भूरि भूरि प्रशंसा भी की जहां विद्यालय प्रांगण में बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक अजीत कुमार पाल, अध्यापक नागेंद्र कुमार मिश्र, लाल जी राव, सुषमा पाल, आराधना उपाध्याय नोडल शिक्षक यदुवंश तिवारी व दयाशंकर पाल उपस्थित रहे।



# जगदीशपुर क्रासिंग पर मरम्मत के कारण परेशान रहे लोग, नाथुपुर में लगा रहा जाम

**शब्बीर हैदर**

जफराबाद,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जफराबाद क्षेत्र के जगदीशपुर रेलवे



क्रासिंग पर शनिवार को मरम्मत कार्य के कारण नाथुपुर रेलवे क्रासिंग व उसके आसपास जाम की हालत पूरे दिन बनी रही। पुलिस ने जगह जगह रोड डाइवर्जन कर रखा था। ऊक्त रेलवे क्रासिंग पर विभाग द्वारा वार्षिक मरम्मत तथा टीआरआर कार्य कराया जा रहा है। इस कार्य मे जगदीशपुर रेलवे क्रासिंग पर तथा उसके पास के दर्जनों स्लीपरों को बदला गया। इस काम के लिए सुबह आठ बजे से ही दर्जनों मजदूरों की टीम व जेसीबी आदि लगी हुई थी। जफराबाद पुलिस ने हौज टोलप्लाजा के पास बैरिकेटिंग कर के भारी वाहनों को हाइवे की तरफ भेज रही थी। बाकी छोटे वाहनों को थाना गेट व जगदीशपुर चौराहे से वाया नाथुपुर भेजा जा रहा था। लाइनबाजार से जाने वाले वाहनों को भी क्रासिंग के पहले से वाया नाथुपुर भेजा जा रहा था।वाहनों के अत्यधिकता के चलते नाथुपुर क्रासिंग से जगदीशपुर चौराहे तक लगातार जाम की स्थिति बनी रही।

# नकली फूड इंस्पेक्टर को पुलिस ने लिया हिरासत में

**अनुभव सिंह**

महराजगंज,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पुलिस ने शनिवार को एक नकली



फूड इंस्पेक्टर को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। आरोपी सवंसा निवासी प्रवेश कुमार मोदनवाल की दुकान 'पप्पू प्रिया रेस्टोरेंट' में फर्जी छापेमारी करने पहुंचा था। दुकानदार प्रवेश कुमार मोदनवाल ने बताया कि दोपहर में एक युवक दुकान पर पहुंचा और खुद को फूड इंस्पेक्टर बताते हुए दुकान का लाइसेंस मांगने लगा। उसने खाद्य पदार्थों को मानक-विहीन बताकर मुकदमे की धमकी दी। संदेह होने पर दुकानदार प्रवेश कुमार ने संबंधित एफएसओ अधिकारी अप्रियता तिवारी से संपर्क किया। मौके पर पहुंची अधिकारी ने जब युवक से पहचान पत्र मांगा, तो वह आईडी देने में असमर्थ रहा। आरोपी भीड़ देखकर भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन दुकानदार ने डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को हिरासत में लिया और थाने ले जाकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी।

# नरोत्तमपुर में सागौन के पेड़ से लटकता मिला 30 वर्षीय युवक का शव

## घटनास्थल पर पहुंचे डॉग स्क्वायड व फोरेंसिक टीम ने किया जांच पड़ताल

**डॉ.एस.के.मिश्र**

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद के राजातालाब स्थानीय थाना क्षेत्र के जख्खिनी पुलिस चौकी अंतर्गत नरोत्तमपुर स्थित दुर्गा मंदिर के पास शनिवार को सागवान के पेड़ से लटकता शाहंशाहपुर निवासी सूरज बनवासी नामक 30 वर्षीय युवक का शव मिला। घटना की सूचना पाकर मौके पर



पहुंचे राजातालाब थाना प्रभारी अजीत वर्मा तथा जख्खिनी चौकी प्रभारी संदीप कुमार यादव व डॉग स्क्वायर्ड ,फोरेंसिक टीम ने घटना के बारे में जांच पड़ताल किया। पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक सूरज बनवासी अपने ससुराल कमहरिया कोइलरा से आने के बाद विगत रात को लगभग 9 बजे घर से निकाला था सुबह पेड़ से लटकता हुआ मृत हालत में मिला। घटना की सूचना पाकर पत्नी उर्मिला सहित परिवार के लोगों का रो रो का बुरा हाल हो गया। मृतक तीन भाईयो और दो बहनों में सबसे छोटा था जिसे दो लड़का और एक लड़की है।

# अज्ञात कारणों से लगी आग से दो दर्जन मुर्गियों की जलकर मौत

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा,** बदलापुर, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। कोतवाली क्षेत्र के शाहपुर गांव में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिसमें एक बकरी समेत लगभग दो दर्जन से अधिक मुर्गियों की जलकर मौत हो गई। इस घटना में एक अन्य बकरी भी गंभीर रूप से झुलस गई, जिसकी हालत नाजुक बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक पीड़ित पप्पू धरिकार पुत्र पुक्की ने बताया कि आग लगने से काफी नुकसान हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही पहुंची फायर ब्रिगेड पुलिस तथा ग्रामीणों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया गया। परन्तु तब तक काफी नुकसान हो चुका था। स्थानीय प्रशासन को सूचना दे दी गई है और मामले की जांच की जा रही है।

# प्रयागराज में एयरफोर्स के चीफ इंजीनियर की गोली मारकर हत्या, शूटर ने खिड़की से साधा निशाना

प्रयागराज(उत्तरशक्ति)। एयरफोर्स के चीफ इंजीनियर की प्रयागराज में हत्या कर दी गई. वारदात को तब अंजाम दिया गया, जब इंजीनियर एसएन मिश्रा रात को अपने घर में सो रहे थे। शूटर ने कमरे की खिड़की से गोली मारी। प्रयागराज में एसएन मिश्रा एयरफोर्स के चीफ इंजीनियर (वर्क) के पद पर कार्यरत थे। उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह देर रात घर में सोए हुए थे। हमलावर ने खिड़की से निशाना लगाकर उनको गोली मारी।

# ज़िला हॉस्पिटल में सुरक्षा कर्मचारियों को किया गया नौकरी से बेदखल, कर्मचारियों ने दी आत्मदाह की धमकी

**आबिश इमाम,** जौनपुर (उत्तरशक्ति)। अमर शहीद उमानाथ सिंह




जिला चिकित्सालय जौनपुर का है प्रकरण। यहां पर 56 लोगों को किया गया एक साथ नौकरी से बाहर जबकि मुख्यमंत्री के आदेश के खिलाफ हुआ है इनका निष्कासन। पूर्व में जनपद में आए मुख्यमंत्री द्वारा कहा गया था कि कोई भी आउटसोर्सिंग द्वारा रखे गए कर्मचारियों को नहीं निकाला जाएगा। इसके उलट इन कर्मचारियों को निकाल दिया गया। सुरक्षा कर्मचारियों ने कहा कि अगर उन्हें पुनः बहाल नहीं किया गया तो हम लोग जिला चिकित्सालय में सामूहिक आत्मदाह कर लेंगे।

# युवा पत्रकार तामीर हसन सड़क हादसे में घायल

**रियाजुल हक,** जौनपुर(उत्तरशक्ति)। जनपद के युवा पत्रकार एवं राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के जिलाध्यक्ष तामीर हसन शीबू एक सड़क हादसे में घायल हो गए। उनका इलाज कृष्णा ट्रामा सेंटर के डॉक्टर रॉबीन सिंह की देखरेख में जारी है। प्राप्त जानकारी के



अनुसार, दुर्घटना में उनके दाहिने पैर के घुटने में चोट आई है, जिसके चलते डॉक्टर ने उन्हें पूर्ण रूप से बेड रेस्ट की सलाह दी है। हादसे की सूचना मिलते ही पत्रकारों सहित कई शुभचिंतक उनके हालचाल जानने के लिए उनके आवास पर पहुंचे। पत्रकारिता जगत से जुड़े कई लोगों ने उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

# पाक्सो एक्ट के 2 आरोपी गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे ।विशेष अभियान मे अपर पुलिस अधीक्षक(ग्रामीण) के दिशा निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी बदलापुर के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष सुजानगंज के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 रामायण निषाद, उ0नि0 रामस्वरुप राय मय



हमराही कर्मचारीगण थाना सुजानगंज जौनपुर द्वारा बालात्कार करने के सम्बन्ध में थाना सुजानगंज में पंजीकृत मु0अ0सं0 65/2025 धारा 70(2)/74/115(2) बी0एन0एस0 व ३(2) पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित आरोपोगण 1. अजय उर्फ मुनील मौर्या पुत्र लालचन्द्र मौर्या ग्राम डोमपुर खास थाना सुजानगंज जौनपुर 2.शैलेश यादव पुत्र रामकैलाश यादव निवासी ग्राम डोमपुर खास थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर को दिनांक 29.03.2025 समय करीब 04.34 बजे को शान्ति नगर बाजार से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए चालान न्यायालय किया गया।

# श्रमिक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत पर उठे सवाल

## परिवारजन के अनुसार उसके सीने और शरीर पर कई स्थान पर चोट के मिले निशान

जौनपुर(उत्तरशक्ति)।जिले के सिकरारा थाना क्षेत्र के गनापुर गांव में काम करने गये एक दलित श्रमिक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने पर पूरे गांव में सनसनी फैल गई। घटना शुक्रवार शाम को बतायी जा रही है कि गांव के ही दीपक कुमार गौतम 30 वर्ष पुत्र छोटेलाल गौतम को बुलाकर काम करने के लिए अपने घर पर ले गए थे। देर शाम दीपक के घर जाकर यह बताएं कि काम करते समय वह अचेत हो गया है। परिवार के लोग जब वहां पहुंचे तो वह मूर्छित अवस्था में वही पडा हुआ था। परिवार के लोग कई निजी चिकित्सक के यहां ले गए सभी ने उसे मृत घोषित कर दिया।परिवार जन के अनुसार उसके सीने और शरीर पर कई स्थान पर चोट के निशान पडे हुए थे। परिवार के लोग उसकी लाश को लेकर थाने पहुंचे और प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह से पूरी बात बताई। दलित की संदिग्ध हालत में हुई मौत का सही कारण जानने के लिए पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वैसे संदिग्ध हालात में हुई दलित की मौत पूरे क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चा चल रही है, जितना मुंह उतनी बातें कही जा रही है। दूसरी तरफ पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने का इन्तजार कर रही है।

# एक दूसरे से गले मिलकर नन्हे मुन्ने बच्चों ने दी ईद की बधाई

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। मुँगराबादशाहपुर के सिटी पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में शनिवार को ईद त्योहार को लेकर शिल्प कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा एक तक के बच्चों ने प्रतिभा लिया। बच्चों द्वारा ईद का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। छात्रों के चेहरों पर खुशी की झलक देखने को मिली। बच्चों के अंदर की कलाकृतियों को बाहर लाने के लिए स्कूल में एक आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने शिल्प कला प्रतियोगिता प्रतियोगिता के माध्यम से चार्ट प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया। कक्षा नर्सरी से कक्षा एक गिलीटर सीट से चांद -सितारे और अपने अंदर की कलाकृतियों को उकेरा। जो देखते ही बन रहा था और शिक्षक भी बच्चों की कलाकृतियों से अचंभित हुए बिना नहीं रह सके। बच्चों ने चार्ट पर शिल्प कला के माध्यम से ईद की मुबारकबाद दी। शिल्प कला प्रतियोगिता में कक्षा यूकेजी ग्रुप प्रथम स्थान, कक्षा नर्सरी ग्रुप द्वितीय स्थान व कक्षा एलजी ग्रुप तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावियों को विद्यालय प्रबंधक आलोक कुमार गुप्ता पिंटू ने प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में अयान, अविजा, मोहम्मद उजैर, अरिज रूहान, एलिजा




सिद्दीकी, रिमशा व मो.इमाद आदि बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान विद्यालय प्रबंधक आलोक कुमार गुप्ता पिंटू ने बच्चों को भाईचारे के साथ मिलजुल कर सभी को त्यौहार मनाने का संदेश दिया। कहा कि ऐसी प्रतियोगिता कराने से बच्चों को सभी धर्म के प्रति सम्मान एवं सौहार्द की भावना पैदा करना है। प्रधानाचार्य रमेश मिश्रा ने बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सारीबा, हिना खान, मुस्कान साहनी, मधु शुक्ला, सुमन पांडेय, नेहा त्रिपाठी, किरण मौर्य, नीरज मिश्रा, रंजीत गुप्ता, सुभाष मिश्रा व आदित्य गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# पारिवारिक कलह के चलते युवक ने लगाई फांसी

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हम्माम दरवाजा में बीती रात एक युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना रात लगभग आठ बजे की बताई जा रही है। मृतक की पहचान रविन्द्र कुमार प्रजापति (28 वर्ष) के रूप में हुई है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविन्द्र कुमार बीती रात नशे की हालत में घर लौटा और सीधे छत पर चला गया। वहां टीन शेड में लगे पाइप से साड़ी के सहारे फंदा बनाकर उसने आत्महत्या कर ली। कुछ ही देर बाद जब परिवार के लोगों की नजर पड़ी तो घर में कोहराम मच गया। शोर सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर जुट गए।

घटना की सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी पुरानी बाजार गोविंद मौर्य पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को फंदे से उतारकर अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।परिजनों और स्थानीय लोगों के अनुसार, आत्महत्या का कारण पारिवारिक कलह बताया जा रहा है। रविन्द्र कुमार एक स्थानीय समाचार पत्र के संपादक के भाई थे। घटना को लेकर क्षेत्र में चचाओं का दौर जारी है।पुलिस मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आत्महत्या के पीछे अन्य कोई कारण तो नहीं है। इस दुखद घटना से मृतक के परिवार में शोक व्याप्त है।

# वाराणसी में सब्जी विक्रेता की हत्या

## पुश्तैनी मकान के विवाद का है मामला, जांच में जुटी पुलिस

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद के लालपुर पांडेयपुर थाना क्षेत्र के हुकुलगंज में शुक्रवार को सब्जी विक्रेता जितेंद्र जायसवाल (55) के गले पर वारकर हत्या कर दी गई। बिस्तर पर लेटे हुए जितेंद्र के गले पर गहरा जख्म था और खून बह रहा था। सूचना पाकर पहुंची लालपुर पांडेयपुर थाने की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जितेंद्र के परिजनों ने आशंका जताई है कि पुश्तैनी मकान के विवाद में उसकी हत्या की गई है।

**क्या है पूरा मामला:** हुकुलगंज स्थित एक मकान के एक-एक कमरे में जितेंद्र जायसवाल और उसके तीन भाइयों का परिवार रहता है। मोहल्ले के लोगों के अनुसार पुश्तैनी मकान को लेकर किसी न किसी बात पर चारों भाइयों के परिवार के बीच



विवाद आए दिन होता रहता है। चार महीने पहले सड़क हादसे में जितेंद्र का पैर टूट गया था। वह टीबी का भी मरीज था। पैर टूटने के कारण वह घर पर ही रहता था। जितेंद्र ने पुश्तैनी मकान के बगल में किराये पर भी कमरा ले रखा है। उसका एक बेटा अंकित जायसवाल और दो बेटियां सोनम व अंकिता हैं। बड़ी बेटी सोनम की शादी हो चुकी है और उसकी विदाई होनी थी। उसी की तैयारी में सोनम और उसकी मां दुर्गा किराये वाले कमरे पर थी।

शाम के समय जितेंद्र के कमरे में उसकी छोटी बेटी अमृता गई तो टेलीविजन ऑन था। बिस्तर पर पिता का लहूलुहान शव देखकर वह जोर से चीखी तो आसपास मौजूद लोग भाग कर आए। घटना की सूचना पाकर डॉग स्क्वॉड और फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंची पुलिस ने इलाके के सीसी कैमरों की फुटेज खंगाली।

# डा. सन्दीप पाण्डेय तीसरी बार बने भारत विकास परिषद शौर्य के अध्यक्ष

## अवधेश गिरि सचिव, जनार्दन पाण्डेय कोषाध्यक्ष, जयशंकर सिंह संगठन सचिव एवं प्रियंका पाण्डेय महिला संयोजिका मनोनीत

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। भारत विकास परिषद शौर्य के 2025–26 कार्यकाल के लिये चुनाव प्रक्रिया का संचालन नगर के एक प्रतिष्ठित होटल में किया गया। इस प्रक्रिया को संचालित करने के उद्देश्य से चुनाव अधिकारी के रूप में प्रान्तीय वित्त सचिव रमेश कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ सर्वप्रथम भारत माता एवं स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर पुष्पार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। इसके पश्चात वन्दे मातरम गीत गाया गया। संस्थापक अध्यक्ष डा. सन्दीप पाण्डेय ने सभी का स्वागत करते हुए अपने उद्बोधन में शौर्य परिवार द्वारा किये गये कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। चुनाव अधिकारी ने चुनाव के संवैधानिक नियमों को बताकर चुनाव प्रारम्भ करने की घोषणा की। जिसमें सर्वप्रथम में डा. गिरीश कुमार सिंह ने कोषाध्यक्ष पद के लिये जनार्दन पाण्डेय का नाम प्रस्तावित किया और डा. राजेश एवं अतुल मिश्र ने इसका अनुमोदन किया। चुनाव अधिकारी द्वारा कोषाध्यक्ष पद के लिये जनार्दन पाण्डेय के नाम की घोषणा की गई। संगठन सचिव पंकज सिंह ने सचिव पद के लिये अवधेश गिरि के नाम को प्रस्तावित किया तथा राहुल पाण्डेय एवं डा. आशुतोष सिंह ने इसका अनुमोदन किया। चुनाव अधिकारी द्वारा सचिव पद के लिये अवधेश गिरि के नाम की घोषणा की गई। अध्यक्ष पद के लिये दया निगम ने पुनः तीसरी बार डा. सन्दीप पाण्डेय के नाम को प्रस्तावित किया जिसका अनुमोदन सुजीत यादव एवं सुनील सिंह द्वारा किया गया तथा चुनाव अधिकारी द्वारा तीसरी बार डा. सन्दीप पाण्डेय को संस्था का अध्यक्ष बनाया गया। इनके नाम की घोषणा



होते ही संस्था के सभी सदस्यों द्वारा हर्षोल्लास के साथ खड़े होकर जोरदार तालियों से स्वागत किया गया और अध्यक्ष समेत नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को फूल मालाओं से भर दिया गया। अध्यक्ष बनने के बाद डा. सन्दीप पाण्डेय ने सर्वप्रथम संगठन सचिव के रूप में जयशंकर सिंह का और महिला संयोजिका के पद के लिये प्रियंका पाण्डेय का चयन किया।

उन्होंने कहा कि शौर्य परिवार इस बार और नये कीर्तिमान स्थापित करेगा। कार्यक्रम का संचालन हर्षित गुप्ता ने किया। इस कार्यक्रम में नीरज श्रीवास्तव, रंजीत सिंह, डा. राजेश कुमार, प्रमोद सैनी, नित्यानन्द पाण्डेय, सन्दीप चौधरी, सुधा पाण्डेय, अंजू सिंह, रश्मिता सिंह, नेहा मिश्रा, जया सिंह, राजीव श्रीवास्तव, रमेश श्रीवास्तव, अविनाश गिरि, आशुतोष राय, शमशेर बहादुर पाल आदि उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर के धक्के से छात्रा की मौत दो घायल

बदलापुर जौनपुर (उत्तरशक्ति)। महराजगंज ट्रैक्टर के धक्के से एक छात्रा की मौत हो गई। जबकि दूसरी छात्रा व एक युवक घायल है। क्षेत्र के मनिकापुर निवासी रोशन निषाद की पुत्री वंदना और भतीजी सुमन सर जेपी महाविद्यालय में बीए की छात्रा हैं। दोनों अपने चचेरे भाई आनंद के साथ बाइक से कोल्हुआ बाजार गई थी। सामान लेने के दौरान अनियंत्रित ट्रैक्टर ई रिक्शा को धक्का मारते हुए छात्राओं को अपनी चपेट में ले लिया। ट्रैक्टर के धक्के से वंदना की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि सुमन गंभीर रूप से घायल हो गई। ट्रैक्टर के धक्के से राजा बाजार निवासी ई रिक्शा चालक भी घायल हो गया। जिसका स्थानीय चिकित्सक के यहां इलाज चल रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घायलों को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने वंदना को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल सुमन को बेहतर इलाज हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

## राजस्थान दिवस पर हुए अपनायत से रूबरू



चिराना। राजस्थान दिवस के मौके पर विवेकानंद उच्च माध्यमिक विद्यालय रामपुरा में 29 मार्च को प्रधानाचार्य रामगोपाल शर्मा निदेशक सुनील शर्मा के निर्देशन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ट अध्यापक राधेकांत सैनी ने की। राजस्थान दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को राजस्थानी भाषा एवं संस्कृति से रूबरू करवाने के लिए विद्यार्थी, शिक्षक सहित विद्यालय के अन्य कर्मचारी साफा, धोती-कुर्ता, कुर्ता- पायजामा, राजपूती पोशाक जैसी पारंपरिक पोशाक पहनकर आएं। इससे विद्यार्थियों को राज्य की लोक परंपराओं से जुड़ने एवं सांस्कृतिक विविधता को करीब से समझने एवं आत्मसात करने का अवसर मिला। वहीं, विद्यालय के विद्यार्थी अभिवादन में गुड मॉर्निंग या नमस्ते के स्थान पर खम्मा घणी, राम-राम सा, पधारो सा बोलें। राजस्थानी भाषा में भाषण, कविता प्रतियोगिता सहित कई कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। राजस्थानी शब्दों, मुहावरों और लोकोक्तियों से परिचय करवाया गया।

## विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर आज

चिराना। कस्बे के गणेश मंदिर के सामने स्थित श्री गणेश मेडिकल स्टोर के पास आस्था चाईल्ड हॉस्पिटल उदयपुरवाटी द्वारा विशाल निःशुल्क परामर्श व जांच शिविर का आयोजन रविवार को होगा। इसकी जानकारी देते हुए मेडिकल के चेतन कुमावत ने बताया कि आयोजित इस शिविर में आस्था हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ.अनिल कुमावत शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ एवं डॉ.सुनीता जागिड़ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे तथा निदान के बाद आवश्यक दवाइयां भी रोगियों को निःशुल्क दी जाएगी। यह कैंप हर महीने की 30 तारीख को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक रहेगा। शिविर में बच्चे एवं महिला रोगी देखे जाएंगे तथा बच्चों में होने वाली समस्याओं की जांच भी की जाएगी।

## पालक मंत्री गणेश नाईक ने किया जनता दरबार



वसईरोड। पालघर कलेक्टर कार्यालय पर जनता की विभिन्न समस्याओं और मुद्दों को समझने और उन्हें हल करने के लिए, माननीय राज्य के वन मंत्री और पालकमंत्री गणेश नाईक की अध्यक्षता में और जिला कलेक्टर गोविंद बोडके की उपस्थिति में पालघर कलेक्ट्रेट में जनता के साथ सीधा संवाद आयोजित किया गया। जनता दरबार जैसी पहल जन प्रतिनिधियों और जनता के बीच सामंजस्यपूर्ण संवाद को बढ़ावा देती है। इसके आधार पर विभिन्न विकास परियोजनाओं की निर्माण योजना निर्धारित करना संभव है। ऐसी जन-लाभकारी पहल, जो लोगों के विकास को दृष्टि से की जाती हैं, निश्चित रूप से लोगों की समस्याओं को कम कर सकती हैं और विकास प्रक्रिया को गति दे सकती हैं। इस पहल में मेरे साथ राज्य के वन मंत्री और पालकमंत्री भी शामिल हैं। गणेश नाईक, जिला कलेक्टर गोविंद बोडके, नालासोपारा विधायक राजन नाईक,पालघर विधानसभा के विधायक राजेंद्र गावित, दहानू विधानसभा के विधायक विनोद निकोले सहित कई पदाधिकारी और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

## झारखंड में जंगली हाथियों का आतंक जारी, 2 लोगों को कुचलकर मार डाला



सिमडेगा। झारखंड के सिमडेगा जिले में आज यानी शुक्रवार को अलग-अलग घटनाओं में जंगली हाथियों के हमले में 2 लोगों की मौत हो गई। एक वन अधिकारी ने यह जानकारी दी। वन अधिकारी ने बताया कि महाबुआंग पुलिस थाना अंतर्गत बुरुइगी देबाटोली गांव में शुक्रवार देर रात करीब 1 बजे अपने घर के बाहर सो रहे 28 वर्षीय विकास ओहदार नामक व्यक्ति को हाथी ने कुचलकर मार डाला। सिमडेगा के प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) शशांक शेखर सिंह ने बताया कि दूसरी घटना बानो थाना क्षेत्र के जामंग गांव में सुबह करीब छह बजे हुई। यहां पास के जंगल में महुआ के फूल एकत्र करने गई सिबिरया लुगुन नामक 45 वर्षीय महिला को हाथी ने हमला कर मार डाला। वन विभाग ने मृतक के परिजनों को तत्काल राहत के रूप में 10,000 रुपये प्रदान किए। अधिकारी ने बताया कि औपचारिकताएं पूरी होने के बाद मुआवजे की शेष राशि परिजनों को प्रदान की जाएगी। हाथी के हमले में जान गंवाने वालों को झारखंड सरकार 4 लाख रुपए का मुआवजा देती है।

## पुलिस कांस्टेबल का अश्लील वीडियो वायरल, महिला के साथ कार में आपत्तिजनक स्थिति में आया नजर

जालोर। राजस्थान के जालोर जिले के सांचौर में एक कांस्टेबल हनुमानाराम का अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो के सामने आने के बाद पुलिस महकमे में खलबली मच गई है। वीडियो में कांस्टेबल हनुमानाराम एक महिला के साथ कार में आपत्तिजनक स्थिति में नजर आ रहा है, जिसे लेकर मामले में फौरन कार्रवाई की गई है। वीडियो के वायरल होते ही सांचौर पुलिस ने कांस्टेबल को निलंबित कर दिया। जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद यादव ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कांस्टेबल हनुमानाराम के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की और सहायक पुलिस अधीक्षक कांबले शरण गोपीनाथ को मामले की जांच सौंप दी है। सांचौर पुलिस ने एक आधिकारिक बयान जारी करते हुए कहा कि कांस्टेबल को तुरंत निलंबित किया गया और मामले की जांच चल रही है। इस मामले में शामिल महिला की पहचान और वीडियो की सत्यता की भी जांच की जा रही है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस घटना ने पुलिस विभाग में एक बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है और मामले की जांच के बाद और भी जानकारी सामने आने की संभावना है।

## सतना में नहर में गिरी बाइक, दो छात्रों की मौत

सतना। मध्यप्रदेश के सतना जिले में आज एक नहर में बाइक के गिर जाने से दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार कोलगवां थाना क्षेत्र में मेडिकल कालेज के निकट दो लोग बाइक के साथ नहर में जा गिर गये। इस हादसे में विकास व अनुराग दो युवकों की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, शहर के मेडिकल कॉलेज के 4 स्टूडेंट 2 बाइक से जा रहे थे जिनमें से दो छात्र बाइक समेत नहर में गिर गए। दूसरी बाइक पर सवार दो अन्य छात्रों ने नहर में कूदकर अपने दोस्तों की जान बचाने की कोशिश भी की।

# सजे मां के दरबार, आज घर-घर होगी घट स्थापना, मंदिरों में लगेगी भक्तों की भीड़, होंगे विशेष अनुष्ठान

-सुरेश गांधी

वाराणसी। आज से चैत्र नवरात्रि प्रारंभ हो रहे हैं, जिसके चलते घरों में तैयारियां भी हो गई है। देवी मंदिरों में साफ-सफाई व सजावट का काम भी अंतिम दौर में है। माता के मंदिर फूलों और रोशनी से जगमगा रहे हैं। नवरात्र के लिए लोगों ने अपने घर में साज-सज्जा की और घर में मां को भोग लगाने के लिए विशेष पकवान भी बनाएं। महिलाओं ने अपने हाथ से पूजा घर में मां के दरबार व आंगन में रंगोली सजाई और सायंकाल आठ दिनों के व्रत के लिए खास फलाहारी व्यजंनों की लिस्ट बनायी और खरीदारी के लिए बाजार निकल गयी।

बाजारों में मां दुर्गा की पूजा सामग्री की भरमार है। दुकानों पर करीब 20 प्रकार के दुर्गा स्वरूप उपलब्ध हैं। मां की प्रतिमाओं की कीमत 120 रुपये से लेकर 2000 रुपये तक है। रंग-बिरंगी पोशाक और चुनरियां श्रद्धालुओं को विशेष रूप से आकर्षित कर रही हैं। खास यह है कि माता हाथी पर सवार होकर आएंगी। शास्त्रों में देवी की हाथी की पालकी को बहुत शुभ माना गया है।



इसके साथ ही नवरात्रि पर इस बार कई शुभ योगों के संयोग में आई है, जिससे पूजा-पाठ काफल पांच गुना अधिक प्राप्त होगा।

रविवार को हिन्दू नववर्ष के साथ माता की आराधना का शुभारंभ होगा। घर-घर घट स्थापना की जाएगी, और मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ेगी। अनुष्ठानों के माध्यम से भक्तजन मां दुर्गा की कृपा प्राप्त करने के लिए उपवास, हवन और पूजन करेंगे। विशेष योगों के प्रभाव से इस बार की आराधना अत्यंत फलदायी मानी जा रही है। उधर बाजारों में श्रद्धालु विभिन्न प्रकार की मालाएं, पूजा सामान, आभूषण, शृंगार सामग्री, पंचमेवा, नारियल, लोंग आदि की खरीदारी करते देखे गए। बाजार में दुकानों पर माता की चुनर, टीका, चूड़ा आदि के साथ ही नारियल भी बिक रहा है।

### गूंजेंगे मां के जयकारे

आठ दिन तक शहर में मां के जयकारे गूंजेंगे और भक्त अपनी मां को मनाने के लिए पूजन-अर्चन करेंगे। मंदिरों में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी लगवा दिए गए हैं। ठंडे पानी की मशीनें भी लग गई हैं। कहीं माता का शृंगार मेवे और अनाज से किया जाएगा तो कहीं मां के दरबार को चमकाया जा रहा है। दुकानदारों का कहना है पूजा सामाग्रियों के दाम पिछले साल के मुकाबले काफी बढ़ गए हैं। व्रत में प्रयोग होने वाले कुट्टू, सिंघाड़े का आटा, गोला, समा के चावल, चौलाई के साथ-साथ माता की चुनरी, पोशाक, शृंगार, नारियल आदि के दामों में वृद्धि हुई है। पोशाकों के दामों में 15 से बीस प्रतिशत तक की बढ़ोत्तरी हुई है। जबकि व्रत के सामान में 10 से 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

### व्रत से घर आती है सुख-समृद्धि

सनातन में चैत्र नवरात्रि का विशेष महत्व है। मां दुर्गा जिन्हें आदिशक्ति के रूप में भी जाना जाता है। मां दुर्गा शक्ति, साहस और मातृत्व की प्रतीक हैं। उन्हें ब्रह्मांड की रक्षक और सभी बुराइयों का नाश करने वाली देवी कहा जाता है। ऐसी मान्यता है कि मां दुर्गा की पूजा करने से भक्तों को शक्ति, साहस, सुरक्षा और समृद्धि प्राप्त होती है। उन्हें बुराइयों से लड़ने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने का आशीर्वाद मिलता है। ऐसा कहा अगर किसी व्यक्ति के जीवन में कोई परेशानी आ रही है तो चैत्र नवरात्रि के दौरान पूजा-पाठ करने से व्यक्ति के भाग्योदय हो सकता है। इन दिनों में देवी के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की जाती है। इनमें शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री शामिल हैं। पहले दिन नव दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री के दर्शन-पूजन का विधान है। वरुणा नदी किनारे अलईपुर में माता शैलपुत्री के मंदिर में भारी भीड़ होगी। इसी के साथ वसंत और नए वर्ष की शुरूआत हो जाएगी। 6 अप्रैल को राम नवमी होगी। इस बार चैत्र नवरात्र पर सूर्योदय से लेकर दोपहर 2 बजे तक घरों में कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त है। यानी कि आठ घंटे का समय मिलेगा। खास यह है कि इस बार नवरात्रि 9 दिन की बजाय केवल 8 दिन की होगी, क्योंकि तिथियों में परिवर्तन के कारण अष्टमी और नवमी एक ही दिन पड़ रही हैं। पंचमी तिथि के क्षय होने के कारण आठ दिनों की नवरात्र होगी। दो अप्रैल दिन बुधवार को चौथी और पंचमी की पूजा होगी। घट स्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 06 बजकर 13 मिनट से प्रारंभ होगा और सुबह 10 बजकर 21 मिनट तक रहेगा। अभिजित मुहूर्त- दोपहर 12 बजे से दोपहर 12 बजकर 50 मिनट तक रहेगा। घटस्थापना की कुल अवधि 50 मिनट की रहेगी।

## नशा तस्करी पर पुलिस की कड़ी कार्रवाई, 1 गिरफ्तार

जम्मू। अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ अपने अभियान को तेज करते हुए, जम्मू पुलिस ने गजनसू के क्षेत्राधिकार में 50 क्वार्टर अवैध शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गजनसू की पुलिस पार्टी ने जय सिंह पुत्र बाग सिंह निवासी परयाल तहसील मढ़ नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से 50 क्वार्टर जेके देसी व्हिस्की (प्रत्येक 180 मिली लीटर) बरामद की। इस संबंध में, पुलिस स्टेशन कनाचक में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और मामले की जांच जारी है। आम जनता ने तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए पुलिस के प्रयासों की सराहना की है।

## सऊदी अरब में हुआ चांद का दीदार, जानें भारत में कब मनाई जा रही है ईद

नईदिल्ली। मुसलमानों के लिए ईद-उल-फितर का त्योहार बेहद खास होता है, जो रमजान के महीने के समाप्त होने पर मनाया जाता है। रमजान में मुसलमान अपने धार्मिक कर्तव्यों के तहत रोजे रखते हैं और रातभर इबादत करते हैं, ताकि अल्लाह की कृपा प्राप्त हो सके। इस समय, सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह होता है कि ईद कब मनाई जाएगी, और इसके लिए मुसलमानों की नजर चांद पर होती है। ईद की तारीख का निर्धारण चांद के दीदार पर निर्भर करता है। जब रमजान महीने का अंत होता है और शव्वाल महीने की शुरूआत होती है, तब चांद दिखाई देता है। जिस दिन चांद नजर आता है, उस दिन से अगले दिन ईद मनाई जाती है। इसलिए, हर साल ईद की तारीख बदलती रहती है, और यह चांद की दिखावट पर आधारित होता है।

इस साल, सऊदी अरब में ईद का चांद 29 मार्च को दिखाई दिया, और वहां ईद 30 मार्च 2025 (रविवार) को मनाई जाएगी। सऊदी अरब में मस्जिद अल हरम में ईद की नमाज 30 मार्च को सुबह 6:30 बजे अदा की जाएगी। वहीं, भारत में 30 मार्च को चांद दिखने की संभावना है, और इस प्रकार ईद-उल-फितर भारत में 31 मार्च 2025, सोमवार को मनाई जाएगी। यह ध्यान देने वाली बात है कि हर साल सऊदी अरब में ईद भारत से एक दिन पहले मनाई जाती है। इसका कारण यह है कि सऊदी अरब में रमजान का महीना भारत से एक दिन पहले शुरू हुआ था। सऊदी अरब में रमजान 1 मार्च को शुरू हुआ था, जबकि भारत में यह 2 मार्च से शुरू हुआ था।

इस्लामिक कैलेंडर चांद के हिसाब से चलता है, और हर हिजरी महीने की शुरूआत चांद के दीदार से तय होती है। रमजान का महीना, शव्वाल का महीना और ईद की तारीख सभी चांद के दिखने पर निर्भर करते हैं। चांद का दीदार इसलाम के अहम धार्मिक कृत्यों में से एक है, और इस पर ही ईद का आयोजन निर्धारित होता है। ईद-उल-फितर शव्वाल महीने की पहली तारीख को मनाई जाती है, और हर साल यह तारीख चांद के अनुसार बदलती है। इस्लामिक जानकार और धर्मगुरु चांद देखकर ही ईद की तारीख तय करते हैं, ताकि धार्मिक नियमों का पालन किया जा सके। ईद के चांद का पहला दीदार हमेशा सऊदी अरब में होता है, क्योंकि इस्लाम का सबसे पवित्र स्थान, मक्का और मदीना, यहीं स्थित हैं। इसलिए, सऊदी अरब में चांद दिखाई देने के बाद, ईद की तारीख तय होती है। इसके बाद, कई मुस्लिम देशों, जैसे पाकिस्तान, भारत, बांग्लादेश और अन्य देशों में उसी तारीख के एक दिन बाद ईद मनाई जाती है। हालांकि, कुछ देशों में, जैसे ईरान, जहां शिया मुसलमानों की आबादी अधिक है, सरकार द्वारा ईद की तारीख निर्धारित की जाती है। इस तरह, ईद की तारीख हर साल चांद के दीदार पर आधारित होती है, और इस्लामिक दुनिया भर में एकजुटता और भाईचारे का प्रतीक बनकर मनाई जाती है।

## सुहागरात में रात में अचानक टूटी दूल्हे की नींद, दुल्हन की हरकतें देख दूल्हे की उड़ गई नींद



झांसी। उत्तर प्रदेश के झांसी जिले के ककरबई थाना क्षेत्र के बरमाइन गांव में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। शादी की खुशियों में डूबे दूल्हे को तब बड़ा झटका लगा जब सुहागरात के कुछ ही दिनों बाद उसकी नई नवेली दुल्हन का असली चेहरा सामने आ गया। मामला इतना सनसनीखेज था कि जब दूल्हे ने सच जाना तो उसकी रातों की नींद उड़ गई। बरमाइन गांव के रहने वाले 38 वर्षीय डालचंद्र की शादी नहीं हो पा रही थी। जीवनसाथी की तलाश में उसने जबलपुर की रहने वाली रानी तिवारी से संपर्क किया। रानी तिवारी ने शादी के बदले एक लाख रुपये की मांग रखी। शादी के लिए बेताब डालचंद्र ने बिना देर किए रकम अदा कर दी। इसके बाद 21 मार्च को रानी तिवारी जबलपुर से रोजी नाम की महिला को लेकर आई और धूमधाम से शादी करवा दी।

शादी के बाद रोजी ने घर की जिम्मेदारी बखूबी संभाली। उसकी सेवा-भावना ने पूरे परिवार का दिल जीत लिया। लेकिन किसी को नहीं पता था कि ये नई नवेली दुल्हन असल में एक लुटेरी दुल्हन है, जो शादी के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले एक गिरोह का हिस्सा है। शादी के तीसरे दिन यानी 24 मार्च की रात को जब डालचंद्र गहरी नींद में था, तभी उसे अचानक खटपट की आवाज सुनाई दी। आंखें खुलते ही उसके होश उड़ गए। उसने देखा कि उसकी दुल्हन रोजी घर के कोने में खड़ी थी और किसी के साथ भागने की कोशिश कर रही थी। डालचंद्र ने जब विरोध किया तो आरोपी मारपीट पर उतर आए। शोर मचाने पर परिवार वाले भी जाग गए। उन्होंने रोजी और उसके साथ आए दोनों युवकों–जय कुशवाह और आदित्य श्रीवास को पकड़ लिया और तुरंत पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने जब तीनों आरोपियों से पूछताछ की तो चौंकाने वाली सच्चाई सामने आई। पता चला कि रोजी पहले से शादीशुदा थी और उसका असली पति जय कुशवाह ही था। वह अपनी पत्नी का इस्तेमाल लुटेरी दुल्हन के तौर पर करता था और अपने साथियों की मदद से लोगों को शादी के नाम पर ठगता था। रानी तिवारी इस गिरोह का अहम सदस्य थी और अब तक कई लोगों को इसी तरह धोखा दे चुकी थी। पुलिस रानी तिवारी की तलाश में जुटी है और जल्द ही गिरोह के अन्य सदस्यों को भी गिरफ्तार करने की तैयारी में है। इस घटना के बाद पुलिस ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। शादी से पहले लड़का-लड़की की पूरी जानकारी लेना बहुत जरूरी है, खासकर जब शादी किसी दलाल या अनजान व्यक्ति के जरिए हो रही हो।

## गणेश नाईक के जनता दरबार में राशन को लेकर मिली शिकायत

वसई। फरवरी में सील की गई राशन दुकानों के कार्डधारकों को मार्च के अंत आने के बाद भी फरवरी और मार्च का सरकारी खाद्यान्न नहीं मिला है। वसई तहसील कार्यालय के आपूर्ति अधिकारी भागवत सोनार को प्रतिवेदन प्रस्तुत करने तथा बार-बार अनुवर्ती कार्रवाई करने के बावजूद भागवत सोनार ने जानबूझकर कार्डधारकों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने में लापरवाही बरती। सीलबंद अनाज दुकानों से अनाज लेने वाले कार्डधारक फरवरी और मार्च महीने का अनाज न मिलने की शिकायत करने भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश सरवणकर के कार्यालय पहुंचे और इस मामले को लेकर महेश सरवणकर ने पालकमंत्री गणेश नाईक के जनता दरबार में शिकायत दर्ज कराई। भारतीय जनता पार्टी वसई रोड मंडल अध्यक्ष महेश सरवणकर ने आम नागरिकों को सरकारी अनाज से वंचित रखने वाले वसई आपूर्ति अधिकारी भागवत सोनार को तत्काल निलंबित करने की मांग पालकमंत्री गणेश नाईक से की है। महेश सरवणकर ने



पत्र में कहा है कि वसई पश्चिम, वसई तालुका में सरकारी अनाज की दुकान पर अनाज उतारने में अनियमितता के कारण 21 फरवरी को आपूर्ति विभाग द्वारा की गई कार्रवाई में वसई पश्चिम की छह अनाज की दुकानों को सील कर दिया गया था। खाद्यान्न दुकानों के राशन कार्ड धारकों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने की व्यवस्था के संबंध में। 24 फरवरी को प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक के बाद एक बयान दिया गया था। हालांकि, मार्च के अंतिम सप्ताह के बाद भी, कार्डधारियों को फरवरी और मार्च महीने का खाद्यान्न अभी तक नहीं मिला है। मार्च के अंत तक केवल तीन दिन शेष हैं, जिनमें से दो दिन सरकारी छुट्टी हैं। इसलिए, वसई तालुका के राशन कार्ड धारक फरवरी और मार्च महीने के खाद्यान्न से वंचित रहेंगे। आपूर्ति अधिकारी भागवत सोनार को लिखित प्रतिवेदन देने तथा समय-समय पर अनुवर्ती कार्रवाई करने के बावजूद आपूर्ति पदाधिकारी भागवत सोनार ने कार्डधारियों को योजनाबद्ध तरीके से खाद्यान्न उपलब्ध कराने की व्यवस्था करने में कोताही बरती। इसके विपरीत तहसील कार्यालय में चर्चा है कि सील की गई दुकानों को आसपास की दुकानों से जोड़ने के लिए वित्तीय लेनदेन किया गया है। महेश सरवणकर ने एक पत्र में कहा है कि वसई तालुका में राशन कार्ड धारकों को फरवरी और मार्च महीने के सरकारी खाद्यान्न से वंचित करने वाले आपूर्ति अधिकारी भागवत सोनार को तत्काल निलंबित किया जाना चाहिए और वसई तालुका में कार्ड धारकों को फरवरी और मार्च महीने का सरकारी खाद्यान्न मिले, यह सुनिश्चित करने के लिए उचित कदम उठाए जाने चाहिए।

## बिहार के छात्रों के मिलेगी विश्वस्तरीय शिक्षा

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज जेवियर विश्वविद्यालय पटना का शिलापट्ट अनावरण कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सेंट जेवियर कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं से मुलाकात की। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका अभिनंदन किया, जबकि विश्वविद्यालय प्रबंधन ने मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया।

ज्ञातव्य है कि 36 एकड़ के हरे भरे परिसर में फैला जेवियर विश्वविद्यालय, पटना एक प्रमुख शैक्षणिक संस्थान है जो चरित्र निर्माण, शैक्षणिक उत्कृष्टता और अनुसंधान नवाचार पर ध्यान केंद्रित करते हुए विश्वस्तरीय शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। विश्वविद्यालय कई विषयों में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रदान करता है। इसका उद्देश्य छात्रों को लगातार विकसित हो रहे वैश्विक परिदृश्य में नेतृत्व करने और उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए तैयार करना है। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, अपर मुख्य सचिव, शिक्षा सह मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, जिलाधिकारी चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार, जेवियर विश्वविद्यालय, पटना के कुलाधिपति फादर विमल किशोर एस०जे० सहित अन्य वरीय अधिकारी, जेवियर विश्वविद्यालय, पटना के शिक्षकगण एवं विद्यार्थीगण मौजूद थे।

## नाबालिक लड़के से महिला ने बनाए शारीरिक संबंध, बार-बार बुलाने लगी घर, फिर हुआ मौत का खेल

रायपुर । छत्तीसगढ़ में रायपुर के मोहदी गांव में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। सरिता यादव (28), जो शादीशुदा थी और अपने पति के साथ मायके में रहती थी, का एक 17 वर्षीय नाबालिग लड़के से प्रेम संबंध था। यह संबंध कई दिनों तक चला लेकिन जब महिला ने नाबालिग से दूरी बना ली और बातचीत बंद कर दी, तो घटना ने एक भयावह मोड़ ले लिया। 22 मार्च की रात सरिता अपने प्रेमी से मिलने के लिए घर से निकली। यह उनकी आखिरी मुलाकात साबित हुई। नाबालिग आरोपी ने अपनी शादीशुदा प्रेमिका को बात करने और मिलने के बहाने बुलाया और अपने दोस्त समीर निषाद के साथ बाइक पर उसे मोहदी गांव के एक सुनसान खेत में ले गया। मिलने के बाद नाबालिग प्रेमी ने अचानक चम्मच से महिला के गले पर वार किया। इसके बाद उसके शरीर के अन्य हिस्सों पर भी हमला किया।

आरोपियों ने महिला के कपड़े उतारकर हत्या को रेप दिखाने की साजिश रची। पुलिस को शव 23 मार्च की सुबह खेत में मिला। महिला के गुप्तांग और जांघों पर गंभीर चोटें थीं, जिससे वारदात की क्रूरता का अंदाजा लगाया जा सकता है। महिला के पति ने 22 मार्च को उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। जब पुलिस ने जांच शुरू की, तो शक सीधे नाबालिग प्रेमी पर गया। जब उसे हिरासत में लिया गया, तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने बताया कि उसे शक था कि सरिता का किसी और से भी अफेयर चल रहा था, इसलिए उसने यह खौफनाक कदम उठाया। पुलिस ने नाबालिग प्रेमी के अलावा उसके दो साथियों समीर निषाद और कोमल धीवर को भी गिरफ्तार कर लिया। तीनों आरोपियों ने मिलकर हत्या की पूरी साजिश रची थी। नाबालिग आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसे लगा कि सरिता उसे और उसके पति दोनों को धोखा दे रही थी। इसलिए गुस्से में आकर उसने इस वारदात को अंजाम दिया।

अरूणोदय सर्जिकल एण्ड ट्रामा सेन्टर
ARUNODAYA Surgical & Trauma Center



जनरल सर्जरी
स्त्री एवं प्रसूति रोग
आर्थोपेडिक (सर्जरी एवं परामर्श)
कीमोथिरैपी सुविधा उपलब्ध
न्यूरो सर्जरी (परामर्श एवं सर्जरी)
वेन्टिलेटर एवं डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
प्रशिक्षित डाक्टर स्टाफ तथा सभी मानकों पर खरा उतरने वाला जनपद का एक मात्र हास्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा सभी प्रकार की सर्जरी
जनरल मेडिसिन, मधुमेह रोग
गुर्दा एवं मूत्र रोग (सर्जरी एवं परामर्श)
गैस्ट्रोइन्टरोलॉजी (इण्डोस्कोपी एवं कालोनोस्कोपी)
एक्सीडेण्टल एवं ट्रामा इमरजेन्सी
सेवा 24 घण्टे उपलब्ध

डा. अरूण आर. सिंह
कन्सल्टेन्ट लैप्रोस्कोपिक सर्जन
एस.एम.ओ.) एल.टी.एम.एम. जी. एच. (सायन हॉस्पिटल मुम्बई)
स.आर.) एम. जी.एम. मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल (नवी मुम्बई)
रजि.नं.-82945 (यू.पी.एम.सी.)

डा0 पुनीत सिंह
M.S.M.C.H.
गुर्दा एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ (यूरो सर्जन)

डा0 रवि प्रकाश सिंह
M.S. (Ortho)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ

डा0 प्रभात सिंह
M.D.( Medicine)
कंसल्टेंट फिजिशियन

डा0 सुमित कुमार सिंह
M.D.( Neuro Psychiatrist)
मानसिक रोग विशेषज्ञ

24/7 Emergency Services

बीमा कार्ड धारकों के लिए विशेष सुविधा उपलब्ध
Medi Assist
STAR
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधाएं
8090966086,8090015086
कलीचाबाद,जौनपुर

जीवन रक्षा हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर



डा0 नवीन कुमार सिंह
M.B.B.S., M.S. (Ortho)
हड्डी व जोड़ रोग विशेषज्ञ
पूर्व सिनियर रेजि. एल.बी.एस. हॉस्पिटल, नई दिल्ली
ए.एस.बी. हॉस्पिटल, नई दिल्ली
संजय गाँधी हॉस्पिटल, नई दिल्ली
पूर्व असि0 प्रोफेसर एच.आई.एम.एस. लखनऊ



डा0 शिल्पी सिंह
M.B.B.S., M.S. (Obs & Gyn)
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
पूर्व सिनियर रेजि. एल.बी.एस. हॉस्पिटल, नई दिल्ली
ए.एस.बी. हॉस्पिटल, नई दिल्ली
संजय गाँधी हॉस्पिटल, नई दिल्ली
पूर्व असि0 प्रोफेसर एच.आई.एम.एस. लखनऊ

सुविधाएं- अल्ट्रासाउण्ड, ई.सी.जी., एक्स-रे, पैथोलॉजी,सी0टी0जी0 मशीन, कालपोस्कोपी, फेक्चर, गठिया. कमर. दर्द. ऑथराईटिस. फिजियोथिरैपी. कल्हा प्रत्यारोपण
सिजेरियन डिलीवरी, बच्चेदानी का ऑपरेशन, ट्यूमर का ऑपरेशन, नसबन्दी इत्यादि।

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की सुविधा उपलब्ध
हड्डी रोग विभाग
स्त्री एवं प्रसूति विभाग
प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का इलाज पूर्णतया निःशुल्क। इलाज के दौरान दवा, जाँच जैसे कि एक्स-रे इत्यादि पूर्णतया निःशुल्क
24/7 Emergency Services
प्रत्येक गुरुवार निःशुल्क ओ0पी0डी0
संपर्क करें- 6390303050
पुलिस चौकी के सामने, सिपाह, आजमगढ़ रोड, जौनपुर